राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 श्रीलंका के खिलाफ पहले वनडे में भारतीय ...

सत्ता जिहाद कर रही बीजेपी, अहमद शाह अदाली ... 12

वर्ष : 12 | अंक : 115 | पटना, सोमवार, 05 अगस्त, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 59,340 |
| चांदी | 55,350 |
| सेंसेक्स | 63,327 |
| निफ्टी | 18,816 |

# ओलंपिक : भारतीय हॉकी टीम शूटआउट में ब्रिटेन को हराकर सेमीफाइनल में

प्रात : किरण

पेरिस/एजेंसी। अपना आखिरी टूनार्मेंट खेल रहे पी आर श्रीजेश एक बार फिर भारतीय हॉकी की दीवार साबित हुए और 42 मिनट तक दस खिलाड़ियों के साथ खेलने के बावजूद भारत ने ब्रिटेन को पेनल्टी शूटआउट में 4.2 से हराकर पेरिस ओलंपिक के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। तारीफ करनी होगी भारतीय डिफेंस की जिसने 36 वर्ष के श्रीजेश की अगुवाई में ब्रिटेन के हर हमले का बचाव करते हुए उसे बढत नहीं बनाने दी। ब्रिटेन ने 28 बार भारतीय गोल पर हमला बोला और महज एक कामयाबी मिली। निर्धारित समय तक स्कोर 1.1 से बराबर रहने पर मुकाबला शूटआउट में गया। शूटआउट में भारत के लिये कप्तान हरमनप्रीत सिंह , सुखजीत सिंह, ललित उपाध्याय और राजकुमार पाल ने गोल दागे जबकि इंग्लैंड के जेम्स अलबेरी और जाक वालांस ही गोल कर सके। कोनोर विलियमसन का निशाना चूका और फिलिप रोपर का शॉट श्रीजेश ने बचाया। तोक्यो ओलंपिक में ब्रिटेन को ही हराकर भारतीय टीम अंतिम चार में पहुंची थी। श्रीजेश तोक्यो में कांस्य पदक के मुकाबले में जर्मनी के खिलाफ भी भारत की दीवार साबित हुए थे और उन्होंने पेरिस ओलंपिक के अब तक के सबसे कठिन मुकाबले में भी अपेक्षाओं पर खरे उतरकर दिखाया। निर्धारित समय में भारत के लिये हरमनप्रीत ने 22वें और ली मोर्टन ने 27वें मिनट में गोल दागा था। रोहिदास को रेड कार्ड मिलने का ब्रिटेन ने फायदा उठाते हुए 19वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर बनाया लेकिन गोल नहीं कर सके। भारत को जवाबी हमले में 22वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला जिसे हरमनप्रीत ने गोल में बदला। यह पेरिस ओलंपिक में



उनका सातवां गोल था। ब्रिटेन टीम गेंद पर नियंत्रण में भारत पर लगातार भारी रही और 25वें मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर पर उसे वैरिएशन आजमाया लेकिन खाता नहीं खुल सका। अब तक शानदार प्रदर्शन कर रहे भारतीय डिफेंस में पहली बार चूक देखी गई और 27वें मिनट में सर्कल पर से गोल के सामने मिली गेंद को मोर्टन ने गोल के भीतर डाला। तीसरे क्वार्टर में भारतीय टीम फिर गेंद पर नियंत्रण के लिये जूझती नजर आई। ब्रिटेन ने पहले ही मिनट से आक्रामक खेल दिखाया और 36वें मिनट में उसे पेनल्टी कॉर्नर मिला जिस पर फर्लोंग का शॉट श्रीजेश ने बचाया। ब्रिटेन को तीन मिनट बाद आठवां पेनल्टी कॉर्नर मिला जिस पर पहला और रिबाउंड दोनों शॉट भारतीय डिफेंडरों ने बचाये। तीसरे क्वार्टर के आखिरी मिनट में सुमित को ग्रीन कार्ड मिलने से चौथे क्वार्टर के पहले दो मिनट भारत को नौ खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। ब्रिटेन ने चौथे क्वार्टर में लगातार हमले बोलने का सिलसिला जारी रखा लेकिन भारत की तारीफ करनी होगी कि दस खिलाड़ियों के साथ उसने गोल नहीं गंवाया। इससे पहले शुरूआती क्वार्टर में भारतीय डिफेंस ने जबर्दस्त मुस्तैदी दिखाते हुए ब्रिटेन के कई हमलों को नेस्तनाबूद किया। दोनों टीमों को पहले 15 मिनट में तीन तीन पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन गोल नहीं हो सका। इंग्लैंड को पांचवें ही मिनट में रेफरल पर पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला जिस पर अनुभवी डिफेंडर अमित रोहिदास ने जेरेथ फर्लोंग का शॉट बचाया। अगले ही पल मिले दूसरे पेनल्टी कॉर्नर पर जैक वालेर का शॉट भी ओडिशा के इस खिलाड़ी ने बखूबी बचाया। भारतीय टीम 11वें मिनट में गोल करने के करीब पहुंची जब सुखजीत सिंह गेंद लेकर आगे बढे और हार्दिक सिंह को पास दिया जिन्होंने गेंद मनदीप को सौंपी लेकिन ब्रिटेन के गोलकीपर ओली पेन ने बखूबी बचाव किया। अगले ही मिनट हार्दिक ने शानदार फॉर्म में चल रहे अभिषेक को गोल के सामने पास दिया लेकिन उनका निशाना सही नहीं लगा। अगले मिनट में इंग्लैंड को पेनल्टी कॉर्नर मिला जिस पर श्रीजेश चूके लेकिन जरमनप्रीत ने जबर्दस्त चुस्ती दिखाते हुए स्टिक से गेंद रोकी और उधर श्रीजेश ने तुरंत उसे बाहर निकाल दिया। भारत को 13वें मिनट में लगातार तीन पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन हरमनप्रीत के तीनों प्रयास विफल रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### भारत-बांग्लादेश सीमा पर सोने के बिस्कुट के साथ भारतीय नागरिक पकड़ा गया

दक्षिण दिनाजपुर। भारत-बांग्लादेश सीमा पर तैनात उत्तर बंगाल फ्रंटियर के रायगंज सेक्टर के अंतर्गत सीमा सुरक्षा बल की 6वीं बटालियन की बॉर्डर ओट पोस्ट पर सीमा प्रहरियों ने एक भारतीय नागरिक को 16 लाख रुपये से अधिक के दो सोने के बिस्कुट के साथ पकड़ा है। बीएसएफ प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि सुजन मंडल को उस समय पकड़ा गया, जब वह अपने मलाशय में गुप्त रूप से सोने के बिस्कुट छुपाकर ले जा रहा था। तलाशी के दौरान हरिपोखर बाड़ गेट पर हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर से सोने के बिस्कुट का पता लगाया गया। उसके पास से दो सोने के बिस्कुट बरामद किये गए हैं, जिनका वजन 233.320 ग्राम है।

### एनडीए सरकार ने 17 सालों में नौकरी और आरक्षण क्यों नहीं दिया? : तेजस्वी

पटना। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने एक बार फिर से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा सवाल पूछा है कि एनडीए सरकार ने जातिगत गणना क्यों नहीं कराई ? आरक्षण का दायरा क्यों नहीं बढ़ाया ? तेजस्वी यादव ने कहा कि हमने 17 महीनों के अल्प कार्यकाल में देश में प्रथम बार बिहार में जातिगत आधारित गणना तथा उसके आँकड़े प्रकाशित कराने के साथ-साथ जातिगत गणना के अनुसार आरक्षण का दायरा बढ़ाकर 75 प्रतिशत किया। भाजपा और एनडीए के लोगों ने दलितों/पिछड़ों और आदिवासियों के लिए आरक्षित 65 प्रतिशत आरक्षण सीमा को रुकवा दिया।

**मप्र के सागर जिले के शाहपुर में भारी बारिश के चलते हुआ हादसा**

# मप्र : मकान की दीवार गिरने से दबकर नौ बच्चों की मौत

प्रात : किरण

भोपाल/सागर/एजेंसी। मध्य प्रदेश के सागर जिले के शाहपुर कस्बे में में रविवार को भारी बारिश के चलते एक मकान की दीवार गिरने से मलबे में दब कर नौ बच्चों की मौत हो गई, जबकि दो बच्चे घायल हो गए हैं। जेसीबी से मलबा हटाकर बच्चों को बाहर निकाला गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों और घायलों के उपचार के लिए आर्थिक सहायता का ऐलान किया है।

शाहपुर के हरदौल मंदिर में शिवलिंग निर्माण और भागवत कथा का आयोजन चल रहा है। यहां सुबह से ही लोग शिवलिंग बनाने पहुंच जाते हैं। रविवार की छुट्टी होने के कारण



शिवलिंग बनाने के लिए बच्चे भी बड़ी संख्या में आए थे। इसी दौरान रविवार सुबह करीब 10 बजे के लगभग मंदिर में जिस जगह बच्चे बैठकर शिवलिंग बना रहे थे, तभी उससे लगे एक मकान की दीवार अचानक ढह गई। नगर परिषद कर्मचारी, पुलिस और स्थानीय लोगों ने रेस्क्यू शुरू किया। रहली विधायक और पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव भी मौके पर पहुंच गए और हादसे की जानकारी ली।

जब तक मलबे से बच्चों को निकाला गया तब तक नौ बच्चों की मौत हो गई। घायल दो बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार हादसे में मरने वाले बच्चों में ध्रुव पुत्र जगदीश यादव 12 वर्ष, नितेश पुत्र कमलेश पटेल 13 वर्ष, आशुतोष पुत्र मान सिंह प्रजापति 15 वर्ष, प्रिंस पुत्र अशोक साहू 12 वर्ष, पर्व पुत्र फूल कुमार विश्वकर्मा 10 वर्ष, दिव्यांश पुत्र निलेश साहू 10 वर्ष, देवराज पुत्र गोविंद साहू 8 वर्ष, वंश पुत्र यशवंत लोधी 10 वर्ष, हेमंत पुत्र भूरे 10 वर्ष हैं। घायल दो बच्चों में सुमित प्रजापति, खुशबू उर्फ खुशी पटवा हैं। बताया जा रहा है कि जिस मकान की दीवार गिरी है, वह मुलू कुशवाहा का है और करीब 50 साल पुराना है। सागर में लगातार हो रही बारिश की वजह से मंदिर से लगी जमीन की मिट्टी भी धंस गई थी, जिससे हादसा हुआ।

# राजग 2029 में फिर बनायेगा सरकार : अमित शाह

- गृह मंत्री ने चौबीस घंटे जलापूर्ति सुनिश्चित करने वाली परियोजना का किया उद्घाटन

प्रात : किरण



चंडीगढ़। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार के संख्याबल को लेकर सवाल उठाने पर रविवार को विपक्षी दलों को आड़े हाथों लेते हुए केंद्रीय गृहमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के पूर्व अध्यक्ष अमित शाह ने कहा कि यह गठबंधन न केवल अपना कार्यकाल पूरा करेगा बल्कि 2029 में भी सरकार बनायेगा। शाह ने चंडीगढ़ के मनीमाजरा में चौबीस घंटे जलापूर्ति सुनिश्चित करने वाली परियोजना का उद्घाटन करने के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, मैं आपको आश्वासन देना चाहता हूं कि विपक्ष जो भी कहना चाहे, कह सकता है, लेकिन आप चिंता मत कीजिए। वर्ष 2029 में भी राजग ही सत्ता में आएगा, नरेन्द्र मोदी जी (ही सत्ता में) आएंगे। उन्होंने कहा, विपक्ष को लगता है कि थोड़ी बहुत सफलता से वे चुनाव जीत गए हैं। उन्हें नहीं पता है कि (पिछले) तीन चुनावों में कांग्रेस को जितनी सीट मिलीं, भाजपा ने इस चुनाव (2024 लोकसभा चुनाव) में उससे ज्यादा सीट जीती हैं। शाह ने कहा, वे यह नहीं जानते। राजग के एकमात्र घटक दल भाजपा के पास उनके पूरे गठबंधन की कुल सीट से अधिक सीट हैं। उन्होंने कहा, अनिश्चितता का माहौल बनाने का मंसूबा पाले ये लोग बार-बार कहते हैं कि यह सरकार नहीं चलेगी। भाजपा के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, मैं विपक्ष के मित्रों को आश्वासन देना चाहता हूं कि यह सरकार न केवल पांच साल का अपना कार्यकाल पूरा करेगी बल्कि अगला कार्यकाल भी इसी सरकार का होगा। विपक्ष में बैठने के लिए तैयार रहें और विपक्ष में प्रभावी ढंग से काम करना सीखें।

## लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर कार से टकराई स्लीपर बस, 06 की मौत

प्रात : किरण

इटावा/एजेंसी। उत्तर प्रदेश के इटावा जिले के उसराहार इलाके में माइल स्टोन 129 पर आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर डबल डेकर बस की कार से हुई जोरदार टक्कर में 6 लोगो की मौत हो गई जब की 45 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस सड़क हादसे में सभी



घायलो ने इटावा के जिला प्रशासन और डॉक्टर को निर्देशित किया है कि वह सभी घायलों का बेहतरी से इलाज करे। इटावा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने रविवार को बताया कि देर रात करीब एक बजे के आसपास हुए इस हादसे के बारे में जानकारी सामने आई है कि अमेठी से नईदिल्ली जा रही डबल डेकर बस दूसरी दिशा से आ रही बेकाबू कार से टकरा गई जिससे बस और कार में सवार 6 लोगो की मौत हो गई। डबल डेकर बस में सवार तीन लोगों की मौत हुई है जबकि कार में सवार तीन ही लोगों की मौत हुई है।

## झारखंड के वरिष्ठ नेता सरयू राय ने थामा जदयू का दामन

प्रात : किरण

रांची/एजेंसी। झारखंड के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री सरयू राय ने रविवार को जदयू का दामन थाम लिया हैं। जनता दल यूनाईटेड के कार्यकारी अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद संजय झा ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। जदयू ज्वाइन करने के बाद जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने सोशल मीडिया पर लिखा



कि जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ उनका पिछले कई दशकों से व्यक्तिगत संबंध रहा है। मुझे विश्वास है, के आने से झारखंड में पार्टी को मजबूती मिलेगी। इस मौके पर बिहार सरकार के मंत्री एवं जदयू के झारखंड प्रदेश प्रभारी अशोक चौधरी, मंत्री श्रवण कुमार, राज्यसभा सांसद सह जदयू के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो विधान पार्षद संजय गांधी और प्रदेश महासचिव मनीष कुमार मौजूद थे। झारखंड की राजनीति के दिग्गज कहे जाने वाले सरयू राय की एक समय में भारतीय जनता पार्टी में अच्छी पकड़ मानी जाती थी। जब झारखंड में भाजपा की सरकार बनी तो सरयू राय मंत्रिपरिषद में शामिल किए गए थे। कुछ दिन बाद से ही उनका रिश्ता तत्कालीन सीएम रघुबर दास से बिगड़ता चला गया। 2019 के विधानसभा चुनाव में सरयू राय को बेटिकट कर दिया गया। सरयू राय के समर्थकों ने आरोप लगाया कि रघुबर दास की जिद्द के कारण उनके नेता को जमशेदपुर पश्चिमी सीट टिकट नहीं मिला।

## कांग्रेस की स्क्रिप्ट पढ़ रहे हैं उद्धव ठाकरे: नित्यानंद राय

प्रात : किरण

पटना। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर उद्धव ठाकरे की टिप्पणी का जवाब केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने दिया है। रविवार को पटना पहुंचे केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि अमित शाह उन सभी के दुश्मन हैं जो देश के दुश्मन हैं। उद्धव ठाकरे कांग्रेस की स्क्रिप्ट पढ़ रहे हैं और लगातार हिंदुओं को पीड़ा पहुंचाकर बाला साहेब ठाकरे की आत्मा को चोट पहुंचा रहे हैं। बीते तीन अगस्त को पुणे में एक रैली को संबोधित करते हुए शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर तीखा हमला बोला था। उद्धव ठाकरे ने अमित शाह को अहमद शाह अब्दाली का राजनीतिक वंशज



बताया था। आज से मैं अमित शाह को अब्दाली ही बोलूंगा। अगर आप मुझे नकली संतान बोलेगे तो मैं तुम्हें अब्दाली बोलूंगा। उद्धव ठाकरे के इस बयान को लेकर भाजपा हमलावर है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा बिहार की तरक्की और खुशहाली के लिए काम कर रहे हैं। बिहार के विकास के लिए उन्होंने पहले भी विशेष आर्थिक पैकेज का 2020 में ऐलान किया था।

## मशहूर भरतनाट्यम डांसर यामिनी का निधन

मुंबई/एजेंसी। भरतनाट्यम कलाकार यामिनी कृष्णमूर्ति का निधन हो गया है। उन्होंने 84 साल की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया है। उनके निधन से डांसिंग वर्ल्ड का बड़ी क्षति हुई है। उनके फैंस और करीबी उन्हें सोशल मीडिया के जरिए श्रद्धांजलि दे रहे हैं। डांसर यामिनी कृष्णमूर्ति के निधन की खबर उनकी मैनेजर और सेक्रेटरी गणेश ने दी है। यामिनी ने शनिवार 3 अगस्त को अपोलो हॉस्पिटल में जीवन की अंतिम सांस ली। वह 84 साल की थीं। मैनेजर के द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि वह लंबे समय से उम्र संबंधित बीमारियों से जूझ रही थीं। वह पिछले 7 महीने से आईसीयू में भर्ती थीं। बता दें, यामिनी कृष्णमूर्ति को बचपन से ही डांस में दिलचस्पी थी। उन्होंने ट्रेडिशनल डांसिंग जैसे भरतनाट्यम और कुचिपुड़ी में कई अवॉर्ड अपने नाम किये थे। साल 1968 में उन्हें पद्म श्री, पद्म भूषण (2001) और 2016 में पद्म विभूषण से नवाजा गया था। कुचिपुड़ी डांस स्टाइल में वह मशाल वाहक के रूप में जानी-जाती थीं।

PR No.- 005256 (Animal)D. 2024-25

वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए

"भ्रमण दर्शन कार्यक्रम की योजना"

अंतर्गत आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

बिहार सरकार
मत्स्य निदेशालय
पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग

Directorate of Fisheries, Bihar, Patna





आवेदन करने के लिए अंतिम तिथि 30.08.2024 तक।

**योजना का उद्देश्य :**

- योजना का मुख्य उद्देश्य राज्य के मत्स्य कृषकों को भ्रमण–दर्शन कार्यक्रम के द्वारा मात्स्यिकी के नवीनतम तकनीक से अवगत कराना है, ताकि वे प्रेरित होकर इस तकनीक को अंगीकार करते हुए अपने–अपने जलश्रोतों में लागू करते हुए लाभान्वित हो सकें।

**लाभुकों का चयन :**

- निजी/पट्टा पर अथवा सरकारी तालाब/जलकर में मत्स्य पालन करने वाले मत्स्य पालक।
- विभागीय विभिन्न योजनान्तर्गत आवेदनकर्त्ता।
- प्रखंड स्तरीय मत्स्यजीवी सहयोग समिति के प्रगतिशील सक्रिय सदस्य।
- ऐसे प्रगतिशील मत्स्य पालक जो विभागीय योजनान्तर्गत प्रशिक्षण प्राप्त कर सफलतापूर्वक मत्स्य पालन का कार्य कर रहें हो एवं ऐसे कृषक जो मत्स्य पालन करना चाहते हों तथा उनके पास समुचित संसाधन उपलब्ध हो।

**आवेदन की प्रक्रिया :**

- योजना हेतु आवेदन fisheries.bihar.gov.in पर ऑनलाईन प्राप्त किये जायेंगे।

इस योजना की विस्तृत जानकारी राज्यादेश संख्या: 1942, दिनांक: 10.06.2024 से प्राप्त की जा सकती है, जो विभागीय वेबसाईट: https://state.bihar.gov.in/ahd/CitizenHome.html पर प्रदर्शित है।

मत्स्य निदेशालय, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना द्वारा जनहित में प्रकाशित

## संक्षिप्त खबरें

### जीआरपी महिला आरक्षी ड्यूटी करने जा रही एक अज्ञात ट्रेन से गिरने से हुई मौत

दानापुर। खगौल रेल थाना क्षेत्र के अंतर्गत जीआरपी महिला आरक्षी बक्सर ड्यूटी ज्वाइन करने जा रही एक अज्ञात ट्रेन से नेऊरा व गांधी हॉल्ट के बीच गिरने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची दानापुर जीआरपी की टीम शव को कब्जे में लेकर परिजनों को सूचित कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतिका की पहचान बोचाचक फुलवारी शरीफ के रहने वाले रामबाबू साह की 27 वर्षीय पुत्री सपना कुमारी के रूप में हुई है। उसकी पिछले माह ही धनबाद के रहने वाले सीआरपीएफ में तैनात राहुल गुप्ता के साथ विवाह हुई थी। मृतिका के भाई प्रीतम ने बताया कि उसकी बहन 2019 में जीआरपी में आरक्षी पद पर सेवा दे रही थी। विगत माह 14 जुलाई को उसकी शादी धनबाद हुई थी। ससुराल में कुछ दिन रहने के बाद रविवार को बक्सर अपनी ड्यूटी पर ज्वाइन करने के लिए जा रही थी। सुबह करीब बारह बजे वह घर से तैयार होकर दानापुर स्टेशन पहुंची व एक ट्रेन पकड़ कर बक्सर के लिए रवाना हो गई। करीब दो घंटे बाद वह बक्सर पहुंची की नहीं उसके मोबाइल पर कई बार फोन किया पर वह रिसिव नहीं कर रही थी। वह बहन को मोबाइल ट्रेस कर पता किया कि वह गांधी हॉल्ट के करीब उसका मोबाइल है। वह तुरंत दानापुर जीआरपी से संपर्क किया। जहां पता चला कि बहन रेल के पटरी पर लहूलुहान मृत पड़ी हुई है। जीआरपी प्रभारी सुधीर कुमार सिंह के मुताबिक हादसे अज्ञात ट्रेन से गिरने से मौत बताई जा रही है। मृतिका के मायके वाले पहुंच गये है। ससुराल वालों को सूचित कर दिया गया है। पोष्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौप दिया जाएगा।

### एक व्यक्ति ने गले में फंदा डाल कि आत्म हत्या

दानापुर रूपसपुर थाना क्षेत्र के कालीकेत नगर में किराये पर रह रहे एक व्यक्ति ने गले में फंदा डाल आत्म हत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनो को सौप दिया। मृतक के पिता ने साथ में रहने वाली युवती पर हत्या कर आत्म हत्या का रूप देने का आरोप लगाया है। मिली जानकारी के अनुसार वैशाली के जंदाहा मिरौलिया निवासी राम विलाश राय का पुत्र अरूण कुमार 32 रूपसपुर के कालीकेत नगर में मनोज शर्मा के मकान में किराये पर बोकारो की रहने वाली प्रेरणा भारद्वाज के साथ पिछले दो साल से रह रहा था। कालीकेत नगर में दोनो पति-पत्नी की तरह रह रहे थे। हाल ही में अरूण को मार्चेंटनेवी में काम हुआ था। वो जाने वाला था। बताया जाता है कि बीते रात दोनो में कुछ बात को लेकर विवाद हो गया। जिसको लेकर अरूण दूसरे कमरे में चला गया। अहले सुबह जब प्रेरणा देखने गयी तो वो साड़ी के सहारे पंखे से झुलता मिला। ये देख वो चिल्ला उठी। उसके चिल्लाने से उठे मकान मालिक पहुंचे और उसे किसी तरह उतारा एम्बूलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में प्रेरणा भी साथ गयी। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई मे जुटी। वही मृतक के परिजनो ने इसे हत्या बताया। थानाध्यक्ष रणविजय कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया आत्म हत्या प्रतित होता है। मृतक के पिता राम विलास राय ने प्रेरणा पर अरूण की हत्या कर आत्म हत्या का रूप देने का आरोप लगाते हुए ब्यान दर्ज कराया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

### उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने ब्रह्माकुमारी दीदीयों द्वारा आयोजित कार्यक्रम का किया उद्घाटन

दानापुर नगर के अंतर्गत प्रियदर्शी नगर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आध्यात्मिक शसक्तिकरण के द्वार स्वस्थ एवं स्वच्छ समाज का निर्माण के तथा अलौकिक रक्षाबंधन त्योहार रविवार को ब्रह्माकुमारी की दीदीयों ने प्रियदर्शी नगर में मनाई। आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ संजय पासवान, राजद प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी और बिहार झारखंड के ब्रह्माकुमारीज के निदेशक बीके कंचन दीदी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसी संस्था में आकर बहुत अच्छा लगा, जहां की बहनें भारत के गौरव को आत्मनिर्भर और मजबूत बनाने में लगी। समाज से अवगुण कैसे खत्म किया जाए। ये काम हमारी बहनें कर रही हैं। उन्होंने कहा कि मेरा काम बिहार को श्रेष्ठ, गौरवशाली बनाना है।

# एम्स पटना में चल रहे तीन दिवसीय वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन ब्रास्कॉन 2024 का हुआ समापन

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। एम्स पटना में चल रहे ब्रास्कॉन का तीसरा दिन प्रतिभागियों के लिए शैक्षणिक रूप से बहुत अच्छा रहा, क्योंकि उन्होंने पी.जी. बेस्ट् पेपर सत्र में अपने अध्ययन प्रस्तुत किए, जिसका मूल्यांकन इस क्षेत्र के विशेषज्ञों डॉ. रेने वेंडर हुल्स्ट्, डॉ. शान शान किउ, डॉ. भागवत माथुर और डॉ. विनय शंखधर ने किया। तीसरे दिन के वैज्ञानिक सत्र में स्मृन वृद्धि, गाइनेकोमास्टिया, लिम्फेडेमा प्रबंधन और निप्पल पुनर्निर्माण पर भी प्रकाश डाला गया, जिससे भारत में स्तन देखभाल प्रथाओं के मानकों और गुणवत्ता में सुधार हुआ।

निष्कर्ष : ब्रास्कॉन 2024 का भव्यता के साथ सफलतापूर्वक समापन हुआ। ब्रासा के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन रविवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह एम्स पटना के बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी विभाग द्वारा आयोजित एक व्यक्तिगत सम्मेलन था। सम्मेलन का आयोजन अध्यक्ष एवं बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. वीणा सिंह, डॉ. अंसारुल हक (आयोजन सचिव), डॉ. सरसिज शर्मा (वैज्ञानिक समिति अध्यक्ष) के कुशल मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक किया गया।




सम्मेलन का विषय था ह्यजागरूकता को बढ़ावा देना, जीवन को बदलना क्योंकि इसका उद्देश्य स्तन कैंसर रोगियों को सर्वोत्तम परिणाम के लिए निर्णय लेने में सशक्त और शिक्षित करना था। यह प्रतिनिधियों के लिए अपने साथियों और सलाहकारों के साथ सीखने, साझा करने और नेटवर्क बनाने के लिए एक विश्व स्त्रीय मंच था। पहले दिन लाइव ऑपरेटिव कार्यशाला मुख्य रूप से स्मृन पुनर्निर्माण तकनीकों पर केंद्रित थी, जिसमें ऑटोलॉगस और प्रत्यारोपण दोनों के साथ-साथ ऑन्कोप्लास्टिक स्तन सर्जरी शामिल थी, जिसने स्तन कैंसर से बचे लोगों के जीवन की गुणवत्ता में नाटकीय रूप से सुधार किया है। प्रदर्शित मामलों में शामिल थे स्तन वृद्धि, स्तन कमी, गाइनेकोमास्टिया में लिपोसक्शन और पुनर्निर्माण के अलावा निप्पल सुधार। वैज्ञानिक सत्र में स्मृन पुनर्निर्माण, स्तन कमी, स्तन वृद्धि और सन ऑन्कोप्लास्टी भी शामिल थे। सत्रों में गाइनेको मास्टिया, लिम्फेडेमा के प्रबंधन पर गहन चर्चा के साथ-साथ ट्रांसजेंडर ब्रेस्ट सर्जरी पर प्रस्तुति भी शामिल थी। वैज्ञानिक पेपर प्रस्तुति ने ब्रेस्ट् केयर के क्षेत्र में नवाचार को स्पष्ट किया। सम्मेलन के मुख्य अंश निम्नलिखित थेः उद्घाटन समारोह : सम्मेलन का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में विधान परिषद के अध्यक्ष अवधेश नारायण सिंह ने किया, साथ ही एम्स पटना के कार्यकारी निदेशक और सी.ई.ओ. डॉ. जी.के. पाल और आई. आई.एम. बोधगया की निदेशक डॉ. विनीता सहाय ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। स्तन पुनर्निर्माण पर जन जागरूकता कार्यक्रम जागरूकता कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्तन कैंसर से पीड़ित महिलाओं, उनके परिवार के सदस्यों और देखभाल करने वालों को शिक्षित, सशक्त बनाना और उनके लिए सबसे अच्छा निर्णय लेने का अधिकार देना था। इस कार्यक्रम में संस्थान के यू.जी., पी.जी. और नर्सिंग अधिकारियों के साथ-साथ प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों और स्तन कैंसर से बचे लोगों ने भाग लिया, जिन्होंने स्तन कैंसर के साथ अपनी यात्रा के उल्लेखनीय अनुभव साझा किए। स्तन पुनर्निर्माण के बारे में जागरूकता को और अधिक फैलाने के लिए, स्तन पुनर्निर्माण पर एक युवा रोगी की यात्रा का वर्णन करने वाला एक विस्मयकारी वीडियो जारी किया गया था। वीडियो को एम्स पटना, पीएस टीम द्वारा स्मृन पुनर्निर्माण के लगभग हर पहलू पर ध्यान केंद्रित करते हुए तैयार किया गया था। दूसरे और तीसरे दिन के व्यावहारिक कार्यशाला सत्र में, प्रतिनिधियों को सिलिकॉन मॉडल पर स्मृन ऑन्कोप्लास्टिक सर्जरी का अनुभव करने और उस्तादों से मिलने का एक अनूठा अवसर मिला। इसने प्रतिनिधियों को स्तन देखभाल के क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रेरित किया। यह वास्तव में एक विश्व स्त्रीय मंच था जहां प्रतिनिधि ज्ञान का आदान-प्रदान करने और सर्वोत्तम स्तन देखभाल प्रथाओं को साझा करने के लिए एक साथ आए। अपने कौशल का प्रदर्शन करने वाले प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय संकायों में डॉ. भागवत माथुर, डॉ. वेंकट रामकृष्णन, डॉ. आशुतोष कोठारी, डॉ. मकरंद तारे और यूनाइटेड किंगडम से डॉ. उर्वशी भी शामिल थे।

# मैट्रिक पास तनुजा को पान शिक्षा मिशन ने किया सम्मानित




पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पान समाज के बच्चे-बच्चियों को शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ावा देने और शिक्षा के क्षेत्र में जागरूक करने में कार्यरत संस्था पान शिक्षा मिशन की ओर से बाहरी बेगमपुर, बनोधिया टोला सामुदायिक भवन में शिक्षा मिशन कार्यक्रम चलाया गया। इस दौरान रघुनाथ उच्च विद्यालय की एक छात्रा तनुजा कुमारी, जो 2024 की मैट्रिक परीक्षा में 500 में 450 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त की है, उसे चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया और संस्था की ओर से उसे प्रति माह पांच सौ रुपया की छात्रवृत्ति देने की घोषणा भी की गयी। साथ ही तनुजा के पिता विभीषण प्रसाद को भी अपनी बच्ची की शिक्षा में जागरुकता दिखाने के लिए बधाई दी गयी। मौके पर वर्ग एक से लेकर 12 तक के बच्चे-बच्चियों के बीच कॉपी और कलम का भी वितरण किया गया।

इस दौरान संस्था के अध्यक्ष ई सूरज कुमार पान ने कहा कि वैसे छात्र- छात्रा जो पढ़ाई में अग्रणी हैं और पैसे के अभाव में बीच में पढ़ाई छोड़ देते हैं, संस्था उन्हें मदद कर आगे पढाई जारी रखने में सहयोग करेगी। मौके पर रामनाथ पटवा, चन्द्रप्रकाश तारा, रामाशंकर तांती, मंजीत आर्या और पप्पू कुमार ताती ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में समाज से प्रमोद कुमार, दीपक कुमार, शंकर प्रसाद, कुंदन कुमार, मनोज कुमार आदि उपस्थित थे।

# झूलन महोत्सव पर दादी जी का हुआ श्रृंगार व मंगल पाठ

## भजनों पर झूमते रहे भक्त, भंडारा के साथ समापन

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

हरियालो सावन आयो दादी आ जइयो। तीजा रो त्यौहार थान बुलाऊं दादी चाव समायो मेहंदी ओ मेहंदी इतना बता दे तूने कौन सा काम किया है। चांदी को झूलो दादी रेशम की डोरी झूला झूले दादी जी जैसे अनेक भजनों से मंदिर परिसर व आसपास का एरिया दादीमय हो गया। मौका था श्री दादी जी भक्त मंडल पटना सिटी द्वारा आयोजित श्रावण मास पर श्री दादी जी झूलन महोत्सव का। श्री राणी सती दादी जी का भव्य अलौकिक श्रृंगार, मेहंदी उत्सव, छप्पन भोग, बंगाल एवं बेंगलुरू से आए हुए फूलों के कारीगरों द्वारा दादी जी का भव्य श्रृंगार किया गया। आचार्य लखन शर्मा एवं हरिओम शास्त्री की देखरेख में मुख्य यजमान अमित-सुनैना झुनझुनवाला ने जोड़े से दादी जी की पूजा अर्चना प्रारंभ किया। दादी भक्त राजेश देवड़ा व कोमल देवड़ा ने गणेश वंदना के साथ भजनों की रसगंगा बहाई। अर्चना एवं संध्या की युगल जोड़ी ने 251 महिलाओं को सामूहिक चुनरी मंगल पाठ कराया। मंगल पाठ के बीच में भक्त झूम-झूम कर दादी जी को रिझा रहे थे। दादी जी को रोली, अक्षत, पुष्प, मौली, मेहंदी, काजल आदि चढ़ाया गया। खीर-पुआ के प्रसाद का भोग लगाया गया। मंगल पाठ को सफल बनाने में नारायणी महिला मंडल की उर्मिला साह, तारा झुनझुनवाला के साथ अध्यक्ष प्रभु दयाल भरतिया, उपाध्यक्ष चंद्र प्रकाश झुनझुनवाला, राजाराम शर्मा, संजीव देवड़ा, सतीश अग्रवाल, प्रमोद कसेरा, प्रशांत झुनझुनवाला, पप्पू मोदी, अभिषेक टेकरीवाल, शंभू कसेरा, अशोक झुनझुनवाला, संजय झुनझुनवाला, श्री राणी सती दादी न्यास ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रभात भरतिया सक्रिय थे। रात्रि में दादी जी के भंडारे के साथ महोत्सव का समापन हुआ।

# आईसीएससी बोर्ड का अंतरविद्यालय शतरंज प्रतियोगिता संपन्न




पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

जीजस एंड मेरी एकेडमी को आईसीएससी बोर्ड ने बिहार राज्य के जोनल स्तर पर अंतर्विद्यालीय शतरंज प्रतियोगिता की मेजबानी करने का अवसर दिया। यह प्रतियोगिता अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 में छात्र एवं छात्राओं के लिए अलग-अलग श्रेणी के लिए आयोजित की गई थी। इस मौके पर बिहार के अनेक प्रतिष्ठित विद्यालयों के लगभग 230 छात्रों ने इस प्रतिस्पर्धा में भाग लेने को पहुंचे। प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय की प्राचार्या पूजा एन शर्मा एवं उपनिदेशक अभिषेक पैट्रिक के नेतृत्व में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में डीएसपी-2 डॉ गौरव कुमार को विद्यालय के निदेशक एवं अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष एम्ब्रोस पैट्रिक ने उन्हें अंगवस्त्र, उपनिदेशक अभिषेक पैट्रिक एवं प्राचार्या पूज एन शर्मा ने स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ गौरव कुमार के द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। उन्होंने खेल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि छात्रों के लिए पढ़ाई के साथ खेल का एक अभिन्न संयोग है और विशेषकर शतरंज छात्रों में प्रत्युत्पन्नमतित्व क्षमता का ऐसा विकास करता है, जिससे वह अपने जीवन में हर एक मोड़ पर किसी भी विषम परिस्थिति में सफलता हासिल कर सके। इसके बाद सबसे पहले वह राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी अदीवा उल्ला, जो अतिथि के रूप में उपस्थित थीं एवं विद्यालय के उपनिदेशक अभिषेक पैट्रिक के साथ शतरंज खेल कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। साथ ही उन्होंने सभी प्रतिभागियों को चैंपियन की तरह खेलने को भी कहा। विजेता के रूप में लड़के के टीम से (अंडर-14) से प्रथम पुरुस्कार संत पौल हाई स्कूल, दीघा के शिवम कुमार, शिबू को, (अंडर-17) से प्रथम पुरस्कार संत पौल हाई स्कूल, दीघा के अविरल को एवं (अंडर-19) से प्रथम पुरस्कार जेम्स इंगलिस स्कूल, डेहरी ऑन सोन के मारिया माइकल केरी को मिला। लड़कियों की टीम से (अंडर-14) से प्रथम पुरस्कार माउंट कार्मेल, पटना के शालिनी श्रीवास्तव को, (अंडर-17) से प्रथम पुरस्कार संत जोसफ कांवेन्ट हाई स्कूल, पटना के प्रेरणा शंकर को एवं (अंडर-19) से प्रथम पुरस्कार संत जोसफ कान्वेन्ट हाई स्कूल, पटना के ही अभिलाषा दिषु को मिला। पुरस्कार के रूप में विजेता विद्यालय के खिलाड़ियों को मेडल के साथ-साथ आईसीएसई बोर्ड एवं स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रमाणपत्र का वितरण विद्यालय के निदेशक एम्ब्रोस पैट्रिक, उपनिदेशक अभिषेक पैट्रिक एवं प्राचार्या पूजा एन शर्मा ने किया।

# तीसरी सोमवारी पर शिवालय जलाभिषेक व पूजा-अर्चना को तैयार -श्रृंगार के साथ होगा भजन, मेला की भी धूम

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

सावन माह की तीसरी सोमवारी को बाजार में चहल कदमी है तो श्रद्धालुओं के चेहरे पर उत्साह है देर शाम से लेकर मध्य रात्रि तक अशोक राजपथ से बोल बम का नारा लगाते और लाउडस्पीकर पर बाबा भोले नाथ के गीत पर ताली बजाते और झूमते भक्त खुसरूपुर स्थित बाबा बैकतपुर और महात्मा गांधी सेतु से होते हुए सोनपुर के बाबा हरिहरनाथ और मुजफ्फरपुर के बाबा गरीब नाथ की ओर प्रस्थान किए। दूसरी और विभिन्न शिवालियों में सोमवारी को लेकर खास तैयारी की गई है कल सुबह प्रमुख शिवालियों के पट भक्तों के पुजार चना और जलार्पण करने के लिए खोल दिए जाएंगे। गायघाट स्थित प्राचीन श्री गौरीशंकर मंदिर के सचिव विश्वनाथ चौधरी ने बताया कि यहां हर सोमवार के अलावा भी त्रयोदशी एवं प्रमुख तिथियां को लोगों के द्वारा रुद्राभिषेक भी किया जा रहा है कल सुबह मंदिर के पुरोहित के द्वारा पूजा अर्चना किए जाने के बाद भक्तों के लिए मंदिर का दरवाजा खोल दिया जाता है पूरी व्यवस्था में शंकर चौधरी विनय केसरी दिलीप गुप्ता नवीन कुमार सिंह आदि सक्रिय हैं। महाराजगंज स्थित माल्य महादेव मंदिर, बाबा मुक्तेश्वरनाथ मंदिर तारणी प्रसाद लेन, सादिकपुर स्थित पटनेश्वरनाथ मंदिर, झाऊगंज स्थित पीतल के महादेव, तिलकेश्वरनाथ मंदिर, थानेश्वर नाथ शिव मंदिर, शिव मंदिर पातो की बाग, पश्चिम दरवाजा शिव मंदिर, अलखिया बाबा के मंदिर, हमाम स्थित श्रीश्री विश्वनाथ हनुमान साई मंदिर, खाजेकलां के श्री बड़ी देवी स्थान परिसर स्थित शिव मंदिर, घघा घाट शिव मंदिर, सूर्य नारायण मंदिर बालू घाट, रानीघाट भूतेश्वरनाथ के साथ अन्य शिव मंदिरों में दर्शन पूजन की तैयारी की गई है। इसके अलावा लगने वाले सावन मेला की भी तैयारी है। एसडीओ गुंजन सिंह ने बताया कि मेला के दौरान विधि-व्यवस्था संधारण को थानाध्यक्षों को आवश्यक निर्देश दिया गया है। खुशरूपुर प्रखंड के बैकठपुर स्थित शिव मंदिर में जलाभिषेक के लिए भक्तों का जत्था अशोक राजपथ सोनपुर स्थित बाबा हरिहरनाथ मंदिर और बाबा गरीबनाथ में भी जलाभिषेक को निकला टोली गांधी सेतु गुजर रहा था।

# युवाओं के दिलों में आज भी धड़कते हैं गायक किशोर दा : डॉ ध्रुव




पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

करिश्माई आवाज के जादूगर, अभिनेता, निर्देशक, संगीतकार किशोर कुमार आज भी युवाओं के दिलों में धड़कते हैं। उनकी आवाज का जादू आज भी बरकरार है। हिन्दी सिनेमा के इतिहास में ये पहले ऐसे पार्श्वगायक हैं, जिन्होंने सर्वश्रेष्ठ गायक का फिल्मफेयर पुरस्कार जीतने का रिकॉर्ड अपने नाम किया है। दूसरी ओर मध्य प्रदेश सरकार ने इनके नाम से ही किशोर कुमार पुरस्कार हिन्दी सिनेमा में अहम योगदान के लिए शुरू किया। इन्होंने 81 फिल्मों में अभिनय किया। रोमांटिक गानों से लेकर दर्द भरे गाने को बखूबी गाया, जो आज भी लोकप्रिय है। दिल ऐसा किसी ने मेरा तोड़ा, दुखी मन मेरे, मेरे नैना सावन भादो आदि दिल को झकझोर देता है। प्यार से लोग इन्हें लोग किशोर दा भी कहते हैं थे। यभ बातें रविवार को किशोर दा की जयंती पर नबाव बहादुर रोड स्थित सरस्वती डिजिटल स्टूडियो में कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन करते हुए शिक्षाविद् व संगीत मर्मज्ञ डॉ ध्रुव कुमार ने कही। बतौर मुख्य अतिथि मारवाड़ी उच्च विद्यालय के पूर्व प्राचार्य पुनीत किशोर रजक ने कहा कि किशोर जैसा गायक सदियों में एक बार पैदा होता है, दोबारा नहीं। कई सदियों तक इसकी भरपाई नहीं हो सकेगी। कार्यक्रम का आगाज गायक डॉ बसंत पंचानन पल भर के लिए कोई हमें, आलोक चौबे ने मुसाफिर हूं यारों, सुजीत कुमार गुप्ता ने दे दे प्यार दे प्यार दे, सुरंजन राजवीर ने पग घुंघरू बांध, संजीव प्रियदर्शी ने जानेमन जानेमन तेरे दो, अनिल रश्मि ने मेरे सपनों की रानी कब, आलोक चोपड़ा ने पल-पल दिल के पास, पप्पू गुप्ता ने दिल ऐसा किसी ने मेरा तोड़ा, अहमद रजा हाशमी ने मेरे महबूब कयामत होगी, अंकित कुमार ने जिंदगी प्यार का गीत है, शशि रंजन मेरी भीगी भीगी सी गाकर कलाकारों ने किशोर दा की याद को ताजा कर दिया। मंच संचालन नेक आलम और धन्यवाद ज्ञापन राजापुट्ठ ने किया। यह जानकारी मीडिया प्रभारी जितेंद्र कुमार पाल ने दी।

# शिक्षकों ने किया सेवानिवृत्त अधिकारी श्यामनंदन का अभिनंदन

पटना सिटी (प्राकि)। प्राथमिक शिक्षा सह सर्वशिक्षा अभियान के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी श्यामनंदन की सेवानिवृत्ति पर मालसलामी अंचल की ओर से अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। मंगल तालाब स्थित रामदेव महतो सामुदायिक भवन में कार्यक्रम का उद्घाटन शोध व प्रशिक्षण के निदेशक एके पांडेय, कौशल किशोर, आभा रानी, विद्या भूषण, वेंकट गोपाल, सहायक निदेशक नित्यानंद लाल, सहायक योजना पदाधिकारी आनंद रंजन, राकेश कुमार, उप निदेशक रमेश चंद्रा, उप सचिव मुकेश कुमार, बिहार अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ के महासचिव डॉ भोला पासवान व मिथिलेश शर्मा ने दीप जला संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। कार्यक्रम का संचालन शैलेश कुमार और अतिथियों का स्वागत प्रधानाध्यापक मधुरेंद्र कुमार मधुप ने की। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी कुमकुम पाठक ने सेवानिवृत्त श्यामनंदन के कार्यकलाप को रेखांकित किया।

# कॉर्पोरेट भागाओ, खेती बचाओ : बिहार राज्य किसान सभा

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। संपूर्ण भारत में कॉर्पोरेट भारत छोड़ो का नारा गुँजेगा। बिहार राज्य कि[illegible] कार्य समिति का आज [illegible] भवन पटना में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए बिहार राज्य किसान सभा के महासचिव अशोक प्रसाद सिंह ने कहा कि आज संपूर्ण बिहार सूखा से तबाह है। चारो ओर त्राहिमाम मचा है। जो उत्तर बिहार बरसात के मौसम में बाढ से हर साल तबाह होता था। आज पीने का पानी के लिए वहाँ लोग तरस रहे। सारे बोड़िंग, चापाकल, पोखर, ताल-तलैया और कुआं सभी सूख गए है। चारों ओर पानी के लिए कोहराम मचा है। परन्तु बिहार में डबल इंजन की सरकार कुम्भकर्णी निन्द्रा में सोई है। विगत लोकसभा चुनाव में जनता के जनादेश को अनदेखा कर मोदी सरकार ने अभी संसद में बजट पेश किया। जो कृषि और किसान विरोधी बजट है। केंद्र सरकार के बजट से किसान, मजदूर, छात्र, युवा, महिला एवं दलित सभी आक्रोशित है। देश में खाली पड़े 31 लाख सरकारी पदों पर बहाली की कोई चर्चा बजट में नहीं है। सभी फसलों के लिए एम एस पी की कानूनी गारंटी के लिए बजट में कोई प्रावधान नहीं है। किसानों का कर्ज माफी तथा बाढ़-सूखाड़, जल जमाव का स्थाई निदान के लिए बजट में कोई प्रावधान नहीं है। साठ साल की उम्र से सभी किसानों और मजदूरों के लिए 10000 मासिक पेंशन के लिए बजट में कोई प्रावधान नहीं है। मनरेगा को कृषि से जोड़कर सालो भर काम की कोई योजना बजट मे नही है। कदवन डैम और उत्तर कोयल नहर परियोजना तथा सभी नहरों का आधुनिकरण का कोई प्रावधान नही है।

बड़े पूंजीपत्तियों पर मेहरबान और किसानों के साथ बेईमानी वाला यह बजट है। किसानों से खेती छीनकर खेती का निगमीकरण के लिए यह बजट बनाया गया है। विश्व का ऐतिहासिक एवं अनोखा किसान आंदोलन जो दिल्ली में एक साल 13 दिन तक चला। मजबूर होकर किसान आंदोलन के सामने केंद्र सरकार झुकी। सरकार ने किसान नेताओं के साथ जो कुछ लिखित समझौता किया। उसको लागू करने के लिए इस बजट में कोई प्रावधान नहीं है। वादा किया है, निभाना पड़ेगा, नही तो गद्दी से जाना पड़ेगा।

# खिड़की का ग्रिल काट व उखाड़ कर खिलौना दुकान में किया चोरी

- गल्ला तोड़ नगद व खिलौना चुराया, पुलिस ने छानबीन कर किया मामला दर्ज

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता





चोरों का कहर लगातार घर से लेकर गोदाम और प्रतिष्ठा तक पर पड़ रहा है। जिस अनुपात में चोरी की घटनाएं हो रही हैं, उस तरह से उद्भेदन या सामान की जब्ती नहीं हो पा रही है। ताजा मामला खाजेकलां थाना क्षेत्र के मच्छरहट्टा स्थित मेहता मार्केट की है। चोरों ने मार्केट के पहली, दूसरी और तीसरी मंजिल पर रहे खिलौना दुकान के खिड़की के ग्रिल को कबाड़ और टेढ़ा कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। इस संबंध में महाराज घाट के रहने वाले अभिषेक कुमार पिता ओमप्रकाश ठाकुर ने बताया कि अशोक राजपथ के मच्छरहट्टा स्थित चौधरी गली से पूरब मेहता मार्केट के पहली, दूसरी और तीसरी मंजिल पर पिताजी ओमप्रकाश ठाकुर की खिलौने की दुकान है। तीन अगस्त को पिताजी की तबीयत खराब होने के कारण वह सुबह नौ बजे नीचे मार्केट से होते जब पहली मंजिल पर गया, तो देखा कि दुकान का गेट खुला है। अंदर जाने पर देखा कि गल्ला तोड़ा और काटा गया है। उसमें रहा रुपया गायब है। जब दूसरी मंजिल पर गया, तो देखा की ग्रिल उखाड़ा और टेढ़ा किया हुआ है। तीसरी मंजिल पर सीढ़ी के पास की खिड़की का ग्रिल भी उखड़ा हुआ था। चोरी होने का यकीन उसे हो गया। चोरों ने गल्ला में रहे करीब 3,500 रुपया नगद, पांच चांदी का सिक्का और करीब 6,000 रुपया का कीमती खिलौना चोरी कर ले गया। चोरी की घटना आसपास के लोगों के द्वारा ही पूरी तरह से रेकी कर की गई है। दरअसल उसकी दुकान और रास्ते में सीसीटीवी नहीं लगा हुआ था। यदि आसपास में रहे सीसीटीवी को खंगाला जाए, तब चोरों का पता चल सकता है। चोर छत के रास्ते भी आ सकता है। हालांकि बताया जाता है कि चोरों ने चौधरी गली से सटे पूरब की दुकान का शटर भी तोड़ने का प्रयास किया, मगर सफल नहीं हो पाया। एक और दुकान में भी चोरी का प्रयास किया, वहां भी सफलता नहीं मिली।

# पैराफिन लिक्विड के नाम पर ड्रम में भरा था मिथाइल अल्कोहल

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



एक बार फिर ट्रांसपोर्ट कंपनी के बाहरी परिसर से दो सौ लीटर के ड्रम में तीन ड्रम स्प्रिट जब्त किया गया है। दरअसल इसे पैराफिन लिक्विड के नाम पर कोलकाता से मंगाया गया था। जब इसकी जांच की गई, तो इससे स्पिरिट का गंध आ रहा था। इस संबंध में उत्पाद विभाग के सहायक आयुक्त प्रेम प्रकाश ने बताया कि सूचना मिली कि अगमकुआं थाना क्षेत्र के जकरियापुर स्थित राजकमल रोडवेज ट्रांसपोर्ट में तीन बड़ा ब्लू ड्रम में स्पिरिट पड़ा है। इसके बाद मद्य निषेध के निरीक्षक अजीत कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन कर छापेमारी की गई। उक्त राजकमल रोडवेज ट्रांसपोर्ट कंपनी के बाहरी परिसर से तीनों ब्लू ड्रम को जब्त किया गया। जब ट्रांसपोर्ट के मैनेजर से पूछताछ की गई, तो उसने बताया कि पैराफिन लिक्विड इसमें है। साथ ही जो कागजात पेश किया गया, उसमें भी वही लिखा हुआ था। जब उत्पाद विभाग की टीम के द्वारा ड्रम को खोलकर देखना और भौतिक सत्यापन करने पर स्पिरिट जैसा गंध पाया गया। टीम ने तत्काल तीनों ड्रम को कब्जे में ले लिया। अगले दिन नमूना को लेकर उत्पादक रसायन परीक्षक से जांच कराई गई। जांचोपरांत प्रतिवेदित किया गया कि यह नमूना में मिथाइल अल्कोहल है। इसका उपयोग मानव जीवन के लिए हानिकारक है और इससे उसकी जान भी जा सकती है। प्रथम द्दष्टया जांच में पाया गया है कि फाइन केमिकल एंड सॉल्वेंट्स कंपनी, कोलकाता के द्वारा तीनों ड्रम श्री रतन अगरबत्ती एंड सर्विसेज प्रालि के नाम से भेजा गया है। जब इसके प्रबंधक से बात की गई, तो उसके द्वारा बताया गया कि यह कंसाइनमेंट उनके द्वारा न तो मंगवाया गया है और न ही किसी तरह का कोई भुगतान किया गया है। पैराफिन लिक्विड को पेट्रोलियम लिक्विड भी कहा जाता है। इस तरह तीन ड्रम में से कुल छह सौ लीटर मिथाइल अल्कोहल की बरामदगी की गई है। छापेमारी टीम में मद्य निषेध के निरीक्षक अजीत कुमार, एएसआई भरत झा, श्रीमती सिंटू कुमारी के अलावा उत्पाद के सिपाही और होमगार्ड शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें

### युवक की निर्मम हत्या

मुजफ्फरपुर ।नगर थाना क्षेत्र में ईट-पत्थर से कुच-कुच कर एक युवक की निर्मम तरीके से हत्या कर दी गई है ।शव मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना और एएसपी टाउन भानु प्रताप सिंह मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गए हैं ।मिली जानकारी के अनुसार, नगर थाना क्षेत्र के शुक्ला रोड सत्यनारायण मंदिर के समीप नाले में एक युवक का शव मिलने की सूचना नगर थाने की पुलिस को दी। नगर थाना की पुलिस और एएसपी टाउन भानु प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे और मामले की जांच की तो पता चला कि नाले से बरामद डेड बॉडी मिठनपुरा थाना क्षेत्र के तीनकोठियां निवासी 23 वर्षीय आकाश कुमार सिंह का है। .एफएसएल की टीम को मौके पर बुलाया और पुलिस एफएसएल टीम के साथ घटना की जांच में जुटी हुई है ।पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला है । एएसपी टाऊन भानु प्रताप सिंह ने बताया कि नगर थाना क्षेत्र में एक नाले में डेड बॉडी पड़े होने की सूचना मिली थी। सूचना प्राप्त होते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। मृतक युवक की पहचान हो गई है। प्रथम दृष्टिया मामला हत्या का प्रतीत होता है।

### दो गांव बाढ़ की चपेट में

मुजफ्फरपुर । जिले के गायघाट प्रखंड क्षेत्र के जमालपुर कोदई पंचायत के दो गांव हरिपुर व साठा बाढ़ से घिर गई है। मुख्य सड़क पर पानी की तेज बहाव के कारण लोगों को आवाजाही में कठिनाई हो रही है। मुखिया उमा शंकर सिंह ने बताया बागमती नदी की जलस्तर में लगातार वृद्धि हो रही है। जिस वजह से बीते शुक्रवार की रात हरिपुर गांव चारो तरफ से घिर गया। सड़क पर पानी के अधिक दवाब होने के कारण सड़क टूटने की आशंका जताई जा रही है। इधर केवटसा पंचायत के मिश्रौली गांव के वार्ड 2 व तीन पानी से घिर चुका है। पंचायत समिति सदस्य पति महेश्वर राय ने बताया कि बागमती नदी की जलस्तर में अब और इजाफा हुआ ती दोनो वार्डो के निचले भाग में बसने वाले करीब दो सौ परिवार के घरों में पानी प्रवेश कर जाएगा। अंचलाधिकारी शिवांगी पाठक ने बताया कि दोनों जगहों का निरीक्षण किया गया है। स्थिती पर नजर रखने के लिए दोनों जगहों पर चौकीदार को नियुक्त किया गया।

### नहाने के दौरान तीन युवक डूबे गांव में में मचा कोहराम

मुजफ्फरपुर ।नहाने के दौरान तीन युवक एक के बाद एक करके वाया नदी में समा गए। तीनों युवकों का पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताते चले कि यह दुखद घटना जिले के साहेबगंज नगर परिषद वार्ड संख्या 24 स्थित वाया नदी का है। जहाँ दो युवक वाया नदी में नहाने के दौरान अचानक डूबने लगे। इसके बाद वहां पर खड़े एक युवक की नजर इन दोनों डूबते हुए युवक पर पड़ी। जिन्हें बचाने के लिए 17 वर्षीय अरमान नामक युवक भी नदी में छलांग लगा दिया। जिसके बाद एक के बाद एक तीनो युवक वाया नदी में समा गए। जब तक पूरे घटनाक्रम की जानकारी स्थानीय लोगों को हुई तो लोग घटनास्थल पर पहुंचे। तब तक तीनों की मौत हो चुकी थी। कड़ी मशक्कत के बाद वाया नदी में डूबे तीनों युवकों का शव लोगों ने निकाला। सूचना मिलते ही साहेबगंज थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच करते हुए शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पूरे मामले में पूछे जाने पर साहेबगंज थाना अध्यक्ष ने बताया कि नदी में नहाने के दौरान दो युवक डूब रहे थे। जिसको बचाने के लिए एक और युवक ने नदी में छलांग लगा दिया। इस घटना में तीनों युवक की मौत हो गई है। मृतक तीनों युवकों की पहचान 17 वर्षीय अरमान, 8 वर्षीय राजा बाबू और 8 वर्षीय रमजान के रुप में हुई है। तीनों एक ही गांव के रहने वाले हैं।

# मांगलिक कार्यों व संस्कारों के लिए संस्कृत विश्वविद्यालय पुरोहित उपलब्ध कराएगा

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा। संस्कृत विश्वविद्यालय के दरबार हॉल में कुलपति प्रो0 लक्ष्मी निवास पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित विद्वत परिषद की पहली बैठक कई मामलों में ऐतिहासिक रही। इसमें न सिर्फ छात्र हितों को लेकर दूरगामी फैसले लिए गए बल्कि मिथिला की परम्परा को और सुदृढ़ करते हुए लोक हितों का भी भरपूर ख्याल रखा गया। शायद यह व्यवस्था इतिहास में पहली होगी कि अब आमजनों को मांगलिक कार्यो व संस्कारों को सम्पादित करने के लिए संस्कृत विश्वविद्यालय ही विशेषज्ञ पुरोहित उपलब्ध कराएगा। इसके लिए अब इधर उधर भटकने की जरूरत नहीं है । सिर्फ आमजनों को मानदेय की राशि ही जमा करनी होगी। यह नई व्यवस्था बहुत जल्द मूर्त रूप लेने जा रही है। इतना ही नहीं,ज्योतिष विभाग के अधीन जन सुविधा के लिए एक वहीरंग विभाग( ओपीडी) भी संचालित होगा जिसे ज्योतिष ओपीडी कहा जायेगा। इस ओपीडी के अधीन संचालित सभी सुविधाओं समेत अन्य विन्दुओं का रोडमैप करीब करीब तैयार कर लिया गया है। यहां ज्योतिष परामर्श भी दिया जाएगा।

इसी क्रम में सर्वविदित है कि विश्वविद्यालय से प्रकाशित विश्वविद्यालय पंचांग का पूरे देश मे अपनी अलग पहचान व स्थान है। इस पंचांग के वैदिक आधार मकरन्द प्रकाश समेत अन्य ज्योतिष पद्धतियों को पेटेंट कराने का निर्णय लिया गया। विश्वविद्यालय में संचालित संकायों के अलावा एक नया संकाय आधुनिक ज्ञान विज्ञान संकाय भी स्थापित होगा।

परिषद के सचिव सह कुलसचिव प्रो0 ब्रजेशपति त्रिपाठी ने सभी शंकाओं व समस्याओं का हल निकाल दिया जिस पर सदन की सहमति रही। इस मामले में राजभवन के दिशा निदेर्शों का पालन करने पर भी आम राय रही। प्रकाशन समिति में विद्वत परिषद से एक सदस्य मनोनीत करने लिए सदन ने कुलपति प्रो0 पांडेय को अधिकृत कर दिया।

बैठक में महत्वपूर्ण यह भी रहा कि अब विश्वविद्यालय में ढेर सारे व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की शुरूआत होगी। सक्षम प्राधिकारों से हरी झंडी मिलते ही इसे लागू कर दिया जाएगा। सर्वसम्मति से निर्णय यह भी रहा कि स्ववित्तपोषित इन सभी पाठ्यक्रमों में नामांकन लेने वाले छात्रों को प्रारम्भिक संस्कृत पढ़ना अनिवार्य होगा। मांगलिक कार्यो व संस्कारों को सम्पादित करने के लिए संस्कृत विश्वविद्यालय ही विशेषज्ञ पुरोहित उपलब्ध कराएगा सदस्य में ज्योतिष विभागाध्यक्ष डॉ कुणाल कुमार झा को भी रखा गया है। चर्चा के क्रम में प्रधानाचार्य डॉ अनिल कुमार ईश्वर ने सुझाया कि छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए प्रधानाचार्यों पर विशेष दबाव बनाने की जरुरत है। इन्होंने प्राईवेट छात्रों को भी प्रवेश व परीक्षा देने की वकालत की। इसी तरह डॉ रामसेवक झा ने भी नव सृजित पाठ्यक्रम पर अपना विचार रखा। ज्योतिष विभाग अध्यक्ष डॉ कुणाल कुमार झा, धर्मशास्त्र विभाग अध्यक्ष प्रो0 दिलीप कुमार झा, व्याकरण विभाग अध्यक्ष प्रो0 दयानाथ झा, इसी विभाग की सहायक प्रध्यापिका डॉ साधना शर्मा ने भी अपनी बातों को रखा। सदस्यों के सभी प्रश्नों का कुलसचिव प्रो0 त्रिपाठी ने अपने अनुभव व साक्ष्य प्रमाणों का हवाला देकर बखूबी हल निकाला। कुलपति प्रो0 पांडेय की दूरदर्शिता तथा कुलसचिव प्रो0 त्रिपाठी की सूझबूझ व विषय वस्तु को सदन में स्पष्ट करने के तौर तरीके का सभी सदस्यों ने प्रशंसा की।

विद्वत परिषद की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो0 पांडेय ने कहा कि छात्र हित को सर्वोपरि रखा जाय। छात्र ही विश्वविद्यालय की रीढ़ है। इनकी समस्याओं को हल करने के लिए खासकर कालेजो को पहल करनी चाहिए।वहीं प्रतिकुलपति प्रो0 सिद्दार्थ शंकर सिंह ने कई विषयों को उठाते हुए पूर्व के निर्णयों पर सबाल भी खड़ा किया। वहीं, सम्मानित अतिथि प्रो0 बोध कुमार झा ने सलाह दी कि कालेजों में छात्रों की संख्या बढ़ाने के लिए एक टास्क फोर्स का गठन किया जा सकता है जो लगातार इन विषय पर नजर रखेगा। स्वागत भाषण देते हुए कुलसचिव प्रो0 त्रिपाठी ने कहा कि उनकी यह पहली बैठक है। इसमें सभी सदस्यों का सहयोग सदन को अपेक्षित है। बैठक में सभी विभागाध्यक्ष, संकायाध्यक्ष व सदस्य प्रधानाचार्य समेत आमंत्रित सदस्य मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन डीन डॉ झा ने किया।

# सांसद ने मुख्यमंत्री से मिलकर विभिन्न विकास परियोजनाओं पर की चर्चा



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा ।नीतीश कुमार एक सुलझे हुए राजनेता हैं। इनके अंदर बिहार के विकास और जो सपना और विजन है एनडीए शासन के नाम में उसे धरातल पर साकार कर उन्होने अपनी बिहार के विकास की प्रतिबद्धता तथा नेतृत्व क्षमता का उत्कृष्ठ उदाहरण प्रस्तुत किया है जिसके लिए वे बधाई और साधुवाद के पात्र हैं। दरभंगा के भाजपा सांसद और लोकसभा में पार्टी के सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने पटना 1 अणे मार्ग स्थित सीएम आवास पहुंचकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से शिष्टाचार मुलाकात के बाद अपने विचार व्यक्त करते हुए उपरोक्त बातें कही। इस क्रम में सांसद डा ठाकुर ने सीएम श्री नीतीश कुमार को मिथिला की संस्कृति और परंपरा के अनुसार मिथिला पेंटिंग से सुसज्जित पाग अंगवस्त्र तथा मखाना का माला पहनाकर सम्मानित भी किया ।सांसद डा ठाकुर ने अपने मुलाकात के क्रम में दरभंगा संसदीय क्षेत्र के साथ साथ उत्तर बिहार खासकर 8 करोड़ मिथिलावासियों के समग्र उत्थान से सम्बन्धित विभिन्न समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा की इन मुद्दों के समाधान के लिए सीएम ने शीघ्र पहल करने का आश्वासन दिया है तथा कहा है की अपने शासन काल के शुरूआत समय से ही मिथिला क्षेत्र का उत्थान उनकी प्रथमिकता में रही है तथा इन विषयों पर अविलंब संज्ञान लिया जाएगा। सांसद डा ठाकुर ने दरभंगा में एम्स निर्माण कार्य का शीघ्र शिलान्यास, मिथिला के केंद्र दरभंगा में हाई कोर्ट के बेंच की स्थापना, डीएमसीएच के आधारभूत संरचना का पुनर्निर्माण, दोनार आरओबी गुमती संख्या 25 का शीघ्र निर्माण, दरभंगा में मेट्रो संचालन की औपचारिकताएं, दरभंगा शहर में इलेक्ट्रिक बसों का परिचालन, सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, अबुल कलाम वालिका इंजीनियरिंग कॉलेज डब्लूआईटी, दरभंगा के कबराघाट स्थित देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद द्वारा शिलान्यास किए गए मिथिला संस्कृत शोध संस्थान दरभंगा शहर को जाम से निजात हेतु रिंग रोड डा कामेश्वर सिंह संस्कृत यूनिवर्सिटी को केंद्रीय विश्वविधालय का दर्जा दरभंगा शहर के तीन बड़े तालाबों हराही, गंगासागर और दिघी का सौंदर्यीकरण अशोक पेपर मील के जमीन पर नए उद्योग की स्थापना तथा मिथिला के प्रमुख ऐतिहासिक तीर्थस्थलों का मिथिला सर्किट के माध्यम से विकास जैसे दो दर्जन प्रमुख समस्याओं पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा की इन मुद्दों का समाधान आठ करोड़ मिथिलावासियों के लिए आवश्यक है ।मौके पर भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष संजय कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा आल बिहार ब्राह्मण फेडरेशन के अध्यक्ष उदय शंकर चौधरी एवं सीए राघव झा समेत अन्य लोग भी उपस्थित थे।

# शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार,एक फरार, बाइक जब्त



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जिला मुख्यालय से सटे रहिका थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिला की एक मोटर साइकिल पर सवार होकर दो व्यक्ति शराब लेकर पखरौनी के तरफ से कपिलेश्वर की ओर जा रही है सूचना की सत्यापन करने हेतु संध्या गस्ती कर रहे एएसआई बसंत कुमार को इसकी जानकारी थानाध्यक्ष द्वारा दी गई, एएसआई बसंत कुमार ने अपने दल बल के साथ रहिका इंसाफ चौक पर उक्त मोटरसाइकिल का इंतजार करने लगा ।मोटरसाइकिल सवार दोनों कारोबारी पुलिस की गाड़ी देखते ही शराब कारोबारी मोटर साइकिल पर लदे शराब को छोड़कर दोनों भागने लगा जिसका पुलिस बल के द्वारा खदेड़ कर एक कारोबारी को पकड़ लिया गया जबकि दूसरा कारोबारी भागने में सफल रहा ।पुलिस बल के द्वारा शराब से लदे मोटर साइकिल व पकड़ाए गए शराब तस्कर को हिरासत में लेते हुए थाना परिसर लाया ।वहीं बाइक पर लदे बोरे से 39बोतल देशी नेपाली शराब बरामद कर जप्त कर लिया गया ।वही हिरासत में लिए गए शराब कारोबारी की पहचान रहिका थाना क्षेत्र के बलाट गांव निवासी फकीर साहनी के पुत्र किशन कुमार साहनी के रूप में किया गया जबकि फरार कारोबारी रौशन यादव के रूप में पकड़ाए गए शराब कारोबारी के द्वारा बताया गया। इस बाबत रहिका थाना अध्यक्ष रविंद्र कुमार ने बताया की मोटर साइकिल के साथ 39 बोतल देशी नेपाली शराब को जप्त कर लिया गया तथा दोनों तस्कर के विरुद्ध उत्पाद मद्यनिषेध अधिनियम के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार तस्कर को न्यायिक हिरासत में लेने हेतु व्यवहार न्यायालय मधुबनी भेज दिया गया है।

# तेज आंधी के साथ वर्षा से केला कि खेती को काफी नुकसान



प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर ।हाजीपुर का प्रसिद्ध केला बगान जो किसानों का मुख्य रूप से खेती होता है, उसी खेती से ज्यादातर किसानों का जीवन बसर होता है जैसे सहदुल्लहपुर , कर्णपुरा, सुल्तानपुर सहित प्रखण्ड अन्तर्गत विभिन्न ग्रामों एवम बिद्दूपुर प्रखण्ड अन्तर्गत विभिन्न ग्रामों में किसानों का मुख्य खेती केला हैं। पिछले दो तीन दिनों के तेज आंधी के साथ वर्षा से केला खेती को काफी नुकसान क्षति पहुंचा है। सहदुल्लहपुर निवासी किसान श्री विश्वनाथ प्रसाद सिंह उर्फ विश्वनाथ प्रसाद यादव जी ने अपने केला के खेतों में घुमाकर आंधी के साथ वर्षा से हुई क्षति को देखते और दिखाते हुए उन्होंने अपने दर्द को बताए। उनके साथ मिलकर ढाढस बंधाया। जिला प्रशासन और सरकार का ध्यान आकर्षित करता हूं कि हाजीपुर का ऐतिहासिक केला का किसानों का मुख्य रूप से खेती जो तेज आंधी और पानी से हुई क्षति को ध्यान रखते हुए उचित कार्यवायी करने की कृपा करें।

# रोटी बैंक जयनगर व महिला विकास मंच ने लगाया कांवरियों के लिए रहिका चौक पर नि:शुल्क सेवा शिविर

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी महिला विकास मंच मधुबनी एवं रोटी बैंक जयनगर के संयुक्त तत्वाधान में मधुबनी जिला के रहिका चौक पर कांवरियों के लिए निशुल्क सेवा शिविर का आयोजन किया गया। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सावन सप्ताहिक में कावरियों के लिए पीने का पानी भोजन मेडिकल कैंप चाय ठंडा पानी गरम पानी एवं ठहरने-खाने का इंतजाम किया गया। जयनगर के कमला नदी से जल भरकर श्रद्धालु करीब 35 किलोमीटर की यात्रा के दौरान रहिका चौक पर आराम करते हैं। एवं राहत शिविर में भाग लेकर भंडारा एवं मेडिकल कैंप का लाभ उठाते हैं। संस्था के सदस्यों ने बताया कि रोटी बैंक एवं महिला विकास मंच के द्वारा लगातार कई वर्षों से श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क राहत शिविर का आयोजन किया जाता है। जिसमें मुख्य रूप से यदि कोई श्रद्धालु घायल होते हैं दो डॉक्टरों की टीम के द्वारा उन्हें इलाज कर भोजन पानी चाय एवं रहने का इंतजाम किया जाता है। रोटी बैंक एवं महिला विकास मंच की टीम के सदस्य सावन माह में रवी बार को जयनगर से कपिलेश्वर नाथ के बीच में आकर कावरियों को सहीयोग कर रहे हैं श्रद्धालुओं को सुरक्षित हम लोग का काम है

दोनो संस्था के द्वारा समय-समय पर सामाजिक कार्य किए जाते हैं, जिसके तहत संस्था के सदस्य जयनगर से कपिलेश्वर नाथ के बीच में निशुल्क लंगर लगाकर श्रद्धालुओं की सेवा में करते हैं। ज्ञात हो कि सावन के इस पावन महीना में लाखों करोड़ों सनातनी जल लेकर बाबा भोलेनाथ के दरबार में जाते हैं और जल चढ़ाते हैं मौके पर दोनों संस्था के पदाधिकारी, और सदस्य कोर कमेटी मेंबर मौजूद रहते हैं

# कार्यकर्त्ताओं का मेहनत सराहनीय है,आप सबों को आभार प्रकट करता हूं : ललित यादव

प्रात : किरण संवाददाता



बेनीपुर( दरभंगा) ।कपूरी सभा भवन बेनीपुर में रविवार को इंडिया गठबंधन के लोकसभा में हुई हार के पश्चात जान आभार यात्रा के दौरान समीक्षात्मक बैठक प्रखंड अध्यक्ष नीलांबर यादव की अध्यक्षता में हुई। मंच संचालन शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव खलीकुज्जमा खान उर्फ हीरा खान तथा धन्यवाद ज्ञापन राजद के नगर अध्यक्ष मो ग्यासूद्दीन तनवीर ने की। पूर्व मंत्री व विधायक ललित कुमार यादव ने कहा कि कार्यकर्ता के मेहनत के बल पर पिछले चुनाव से अधिक मत मिला है, जो सराहनीय योगदान रहा। सभी कार्यकताओं का आभार प्रकट करता हूं, जो कड़ी मेहनत किया और आपके इसी लगन भरी मेहनत आगामी विधानसभा चुनाव जीतेंगे। लोकसभा चुनाव में हुई भूल पर उच्च स्तर पर सुधारने का प्रयास करेंगे। सभी कार्यकताओं की बैठक में मैं जरुर शामिल रहुंगा तथा पार्टी कार्यकताओं के समस्या का समाधान करने के साथ सभी का बनाने का काम करूंगा। विधानसभा के बाद पंचायत स्तर पर जन आभार यात्रा कार्यक्रम चलेगा। राजद प्रदेश सचिव कमल राम विनोद झा उर्फ कमल सेठ ने कहा कि चुनाव के समय पार्टी कार्यकर्ता बिखर गए, जिससे लोकसभा में हमें हार मिली। हार को दूर करने के लिए अपने आसपास एवं समाज के लोगों को पार्टी के प्रति एक जुट करने की आवश्यकता है। चुनाव के समय एक-एक कार्यकर्ता अपनी एकजुट दिखाते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के लिए काम करेंगे तो हमारी जीत निश्चित होगी। जिला अध्यक्ष उदय शंकर यादव ने कहा कि विधनसभा चुनाव की तैयारी में हम लोग लगे हैं। हम सभी मिलकर भाजपा को प्रास्त करेंगे। कार्यक्रम में कांग्रेस नेता मिथिलेश चौधरी, सीपीआई माले के राजेंद्र दास, सीपीआईएम के रामधनी झा, राजद के राजीव कुशवाहा, सीपीआई के शैलेंद्र मोहन ठाकुर, राजद के अनिल झा, अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष कुमार गौरव, राम बहादुर महतो, अशर्द अली, शिव प्रकाश झा शिबू, हीरा प्रसाद यादव, राम कुमार राम, अर्जुन पासवान आदि उपस्थित थे।

# वार्षिक कैलेंडर के अनुसार जिला में पंचायत कार्य करें पूर्ण : निदेशक

प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर। पंचायती राज विभाग के निदेशक श्री हिमांशु राय द्वारा वैशाली जिला में चल रहे विभिन्न विभागीय योजनाओं का स्थल निरीक्षण किया गया। साथ ही संबंधित पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक पर की गई। निदेशक द्वारा जिला के पंचायत सरकार भवन, सोलर स्ट्रीट लाइट योजना, जिला पंचायत संसाधन केंद्र, जिला परिषद, पंचायत समिति एवं ग्राम पंचायत में क्रियान्वित योजनाओं का स्थल निरीक्षण किया गया। जिला पंचायत संसाधन केंद्र वैशाली की भौतिक जांच के दौरान जिला पंचायती राज पदाधिकारी श्री हरेंद्र राम, राज्य पंचायत संसाधन केंद्र के श्री निखिल राज, परियोजना प्रबंधक, श्री प्रभाष झा, परियोजना प्रबंधक एवं जिला पंचायत संसाधन केंद्र के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। निदेशक द्वारा जिला में चल रही वार्षिक कैलेंडर के अनुसार पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों के प्रशिक्षण की भी समीक्षा की गई। उनके द्वारा जानकारी दी गई थी जिला पंचायत संसाधन केंद्र में आवश्यक सभी उपस्कर यथाशीघ्र उपलब्ध करा दी जाएगी। कैलेंडर के अनुसार प्रशिक्षण को शत प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। वन महोत्सव के अवसर पर जिला पंचायत संसाधन केंद्र के प्रांगण में वृक्षारोपण भी किया गया।

## सदर थानाध्यक्ष समेत सात पुलिस कर्मियों के विरुद्ध कोर्ट में मुकदमा दायर

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले के सदर थाना क्षेत्र के कच्चीपक्की निवासी अधिवक्ता संतोष कुमार को सदर थाना के पुलिस कर्मियों द्वारा बेरहमी से पीटे जाने के मामले में आज न्यायालय में मुकदमा दायर किया गया है। संतोष कुमार ने सदर थाने के थानाध्यक्ष समेत सात पुलिस कर्मियों के विरुद्ध मानवाधिकार अधिवक्ता एस. के.झा के माध्यम से सीजेएम कोर्ट में मुकदमा दर्ज कराया है। विदित हो कि अधिवक्ता संतोष कुमार विगत 12 जून को रात्रि के लगभग साढ़े ग्यारह बजे अपनी मोटरसाइकिल से कच्चीपक्की स्थित अपने आवास लौट रहे थे। उसी समय कच्चीपक्की चौक पर पहले से मौजूद सदर थाना के कुछ पुलिस कर्मियों ने उनका रास्ता रोककर जाँच के नाम पर एक हजार रुपए की माँग की। अधिवक्ता संतोष कुमार ने जब कहा कि उनके पास हेलमेट व गाड़ी से संबंधित सभी कागजात मौजूद है तो मौजूद पुलिसकर्मी आग-बबूला हो गये और उनके ऊपर लाठी चलाने लगे। अधिवक्ता संतोष कुमार ने बताया कि उनलोगों ने मार-मार कर उनका सर फोड़ दिया और रीढ़ की हड्डी भी क्षतिग्रस्त कर दी। वर्तमान में लखनऊ पीजीआई में इनका ईलाज चल रहा है। वे ज्यादा चलने-फिरने की हालत में भी नहीं है। मानवाधिकार अधिवक्ता एस. के. झा ने कहा कि यह मामला बहुत ही गंभीर व दुःखद है। यह बेहद शर्मनाक है कि लोगों के न्याय के लिए लड़ने वाले अधिवक्ता भी अब सुरक्षित नहीं है। हमलोगों ने न्यायालय से दोषी पुलिस कर्मियों के विरुद्ध कड़ी-से-कड़ी कार्रवाई की माँग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृति न हो सके। न्यायालय द्वारा मामले में सुनवाई हेतु 19 अगस्त की तिथि निर्धारित की गई है।

## राजद विधायक सड़क जीर्णोद्धार की मांग को लेकर कल बैठेंगे धरना पर

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।जिले के गायघाट विधानसभा क्षेत्र के राजद विधायक निरंजन राय मंगलवार को बंदरा प्रखंड के रतबारा चौक पर अपने समर्थकों एवं स्थानीय जनता कू साथ एक दिवसीय धरना पर बैठेंगे ।धरना कार्यक्रम की तैयारी शुरू है गई है। विधायक का कहना है कि बूढी गंडक नदी के पिलखी पुल के उत्तरी पहुंच पथ से हरपुर ,पियर ,रतबारा , तेपरी होते हुए समस्तीपुर जिले के सेदपुर को जोड़ने वाली करीब 13किमी लम्बी यह सड़क काफी जर्जर अवस्था में है। यह सड़क इस इलाके की लाइफलाइन मानी जाती है ।बरसात के दिनों में इस सड़क से छोटे -बडे वाहन का आवागमन तो दूर , पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। वे कहते हैं कि महागठबंधन की पिछली 17 महीने कि सरकार में उन्होंने इस सड़क को टू लेन करने की स्वीकृति दिलवाई थी लेकिन सरकार बदलते ही इसके ठंढे वस्ते में डाल दिया गया। विधानसभा में जब उन्होंने इस सड़क का सवाल उठाया तो फंड उपलब्ध होने पर सड़क निर्माण कराने की बात कह टाल दिया गया ।बाध्य होकर उन्हें आंदोलन की राह अख्तियार करनी पड़ी है। वहीं , दुसरी ओर क्षेत्र के कुछ लोगों को दबी जुबान यह भी कहते सुना जा रहा है कि पिछले तीन साल तक विधायक ने इस सड़क की सुधि नहीं ली ।अब अगले साल जब विधानसभा का चुनाव होने वाला है तो उन्हे इस सड़क की याद आई है। पिछले हफ्ते इलाके के उत्साही युवाओं की टीम ने जनसहयोग से सड़क के गड्ढों को भरने का बीड़ा उठाया ।इस नेक काम के लिए लोगों से यथा संभव आर्थिक सहयोग की सोशल मीडिया के माध्यम से अपील कि गई ।इसमें सफलता भी मिली ।हरपुर बांध चौक से पीरापुर और रतबारा से मतलुपुर बाबा खगेश्वर नाथ मंदिर तक ट्रैक्टर से छाई और मिट्टी ढो-ढो कर सड़क के बड़े -बडे गड्ढों को भर कर फिलहाल चलने लायक बनाया गया। फिर भी इस सड़क के पूर्ण जीर्णोद्धार के लिए जितना होना चाहिए, वह सिर्फ आम जनता के सहयोग के बूते सम्भव कहां ?

## भारत स्काउट एवं गाइड यूनिट वैशाली के द्वारा बोल बम सेवा शिविर का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर ।भारत स्काउट एवं गाइड यूनिट वैशाली के द्वारा, भगवानपुर ,गोरौल मे बोल बम सेवा शिविर का आयोजन स्काउट गाइड द्वारा किया गया। प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग से संचालित शंभू नाथ धाम बोल बम कांवरिया शिविर में कांवरियों की सेवा की गई ।सेवा में दर्जनो स्काउट गाइड कैडेट्स बोल बम कावरियां शिविर के माध्यम से कावरियो के बीच ठंडा पानी, गर्म पानी, नींबू पानी, बिस्किट, फल वगैरह का वितरण करते हुए दिखे। मौके पर भारत स्काउट एवं गाइड यूनिट वैशाली के जिला संगठन आयुक्त ऋतुराज ने कहा की सेवा ही धर्म है,हम लोग न केवल बच्चों को यह सिखाते हैं बल्कि व्यवहारिक जीवन में भी सेवा करने का मूल मंत्र स्काउट गाइड के बच्चे इन पावर अवसर पर श्रद्धालुओं को अपनी सेवा से लाभ पहुंचा रहे हैं। ।संगठन के जिला सहायक सचिव व गोरौल यूनिट के प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने जिला यूनिट का गोरौल में स्वागत किया, इन्होंने कहा कि मुख्यालय से लगभग 100 स्काउट प्रखंड गोरौल, में जिला स्काउट मास्टर सौरभ कुमार के देखरेख में कर रहे हैं वहीं प्रखंड भगवानपुर में 50 स्काउट गाइड अपनी सेवा स्काउट मास्टर उमेश कुमार प्रसाद सिंह के देखरेख में प्रदान कर रहे हैं ।प्रखंड प्रमुख मुन्ना कुमार ने कहा कि स्काउट गाइड के सेवा भावना प्रेरित करने वाली है। विगत कई वर्षों से गोरौल इकाई के साथ साथ जिला इकाई के स्काउट गाइड कैडेट्स कावरियो की सेवा में देर रात तक नि :स्वार्थ भाव से डटे रहते हैं ।सेवा कार्य में स्काउट मास्टर उमेश कुमार प्रसाद सिंह, नरेंद्र प्रसाद सिंह, मथुरा प्रसाद, कलीम आरपी सहित अन्य शिक्षक तत्पर दिखे। वहीं समाज सेवी भगवान सिंह, मुकेश सिंह सहित अन्य ने स्काउट यूनिट की सेवा भावना की प्रशंसा किया। हाजीपुर मुख्यालय से गाइड लीडर कोमल कुमारी, अंजलि, आनंदित गुप्ता, नैनी ,खुशबू, खुशी, मुस्कान, कुमकुम ,अर्चना, करीना, रानी, सोनम ,सुहानी, स्काउट मास्टर अरविंद कुमार, रोशन कुमार की देखरेख में सेवा का मिसाल कायम किया।

## मारपीट को लेकर थाना में प्राथमिक हुआ दर्ज

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली थाना क्षेत्र के भकुआ पंचायत के कसमा मरार गांव निवासी रिजबान खातून ने मारपीट का आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराया गया है. उन्होंने प्राथमिकी आवेदन में दर्शाया है कि पूर्व की आपसी दुश्मनी को लेकर 2 अग्रस्त को दिन के करीब 3 बजे में मेरे ही गांव के मो. नवीव उनकी पत्नी रजीना खातून,मो.मंजूर, अनवरी खातून,मो.अफरोज सभी मिलकर मेरे घर मे धुसकर गाली गलौज करने लगा. जब मैं ने उन लोगो से गाली गलौज करने से मना करने पर मो. नवीव ने धातक हथियार से मेरे सिर पर वार करने से मेरा सिर फट गया. मैं जोर जोर से चिल्लाने पर भी मौजूद सभी व्यक्ति ने लाठी डंडे से मारपीट कर बुरी तरह जख्मी कर दिया गया.वही मेरे गले मे सोने का लॉकेट भी छीन कर फरार हो गया. मैं घायल अवस्था मे धर में कराह रहा था, इसी बीच आस पड़ोस के लोगो ने घर मे पहुँच कर घायल अवस्था मे सीएचसी खजौली हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया.जहाँ मेरी डॉक्टरों ने उपचार किया.वही थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि धायल महिला के आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान जारी कर दिया गया है.

## राजकीयकृत मध्य विद्यालय चकेयाज में वृक्षारोपण कार्यक्रम

प्रात : किरण संवाददाता

सहदेई बुजुर्ग- सहदेई बुजुर्ग प्रखंड के राजकीयकृत मध्य विद्यालय चकेयाज में शिक्षा सप्ताह के सातवें दिन वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।इस मौके पर विद्यालय के छात्र,छात्राओं के साथ विद्यालय के शिक्षको एव प्रधानाध्यापक ने कई प्रकार के पौधे विद्यालय में लगाये ।इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजीव रंजन ने पर्यावरण के लिए वृक्ष के महत्व को बताते हुये कहा कि बढ़ते प्रदुषण से पर्यावरण को बचने लिए आवश्यक है कि ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाए जाएं ।उन्होंने सभी छात्र/छात्राओं से कहा कि अपने प्रत्येक जन्मदिन के अवसर पर एक पेड़ अवश्य लगाएं ।साथ ही अपने माता पिता एवं अभिभावकों को भी इस बात के लिए प्रेरित करे कि विशेष अवसर पर एक पौधा अवश्य लगावे ।पौधा लगाने के साथ उसकी देखभाल भी करें ।कहा कि अगर हम पेड़ लगाने को अपनी आदत बनाये तो यह पर्यावरण को बचाने में बहुत सहयोग देगा ।इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक नवीन कुमार सिंह,संजीव कुमार सिंह,प्रियंका कुमारी,राहुल कुमार,विश्वनाथ प्रसाद सिंह,ममता गुप्ता आदि के साथ बाल संसद के प्रधानमंत्री प्रीतम कुमार सिंह आदि सहित सैकड़ो छात्र,छात्रा उपस्थित रहे।

सम्पादकीय

## हम तो डूबे हैं सनम तुमको भी ले डूबेंगे

मानसून की आमद हो चुकी है। इस मौसम में देश के किसी न किसी भाग से बाढ़, जलप्रलय, भूस्खलन, बादल फटने जैसी प्राकृतिक आपदाओं की खबरें आती रहती हैं। इस बार भी जहाँ हिमाचल प्रदेश व उत्तरांचल से बादल फटने व भूस्खलन की कई खबरें भयावह तस्वीरों के साथ आ चुकीं वहीँ केरल के वायनाड ज़िले के मुंडक्कई, चूरलमाला और मलप्पुरम ज़िले के नीलांबुर वन क्षेत्र में हुए सबसे खतरनाक व डरावने भूस्खलन ने तो पूरे देश को शोकमग्न कर दिया। खबरों के अनुसार इस भूस्खलन में अब तक 400 से अधिक लोगों की मौत व सैकड़ों लोगों के लापता होने का समाचार हैं। सैकड़ों मकान जमींदोज हो चुके हैं। हिमाचल व उत्तरांचल से आने वाली वह तस्वीरें जिनमें अनेक मकान व गाड़ियां जलसमाधि लेते दिखाई देते हैं वास्तव में प्रकृति की अथाह शक्ति का दर्शन कराती हैं। बेशक ऐसी त्रासदियों को प्राकृतिक आपदा का नाम दिया जा सकता है। क्योंकि प्रकृति का यह प्रहार कब कहाँ, किस रूप में और किस तीव्रता के साथ हो आधुनिक विज्ञान प्रौद्योगिकी के बावजूद किसी को इस बात का सही अंदाजा नहीं हो पाता।

परन्तु रिहायशी इलाकों में पानी भर जाना, भूमिगत मार्गों का तालाब में बदल जाना, नाली नालों का जाम होना आदि को तो प्राकृतिक आपदा का नाम हरगिज नहीं दिया जा सकता? नया संसद भवन यानी सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट जोकि 13, 450 करोड़ की लागत से लगभग 4 वर्षों में बनकर तैयार हुआ था और गत वर्ष 19 सितंबर 2023 से इस नई संसद भवन में पहली कार्यवाही शुरू की गई थी। इसी संसद भवन की एक गुंबद से बारिश में पानी टपकने लगा और जलभराव हो गया। संसद भवन में पानी टपकने की जगह पर बाल्टी रखी गयी थी जिससे पानी बाल्टी में गिर रहा था। कई सांसद भी बारिश में भीगते हुये बाहर निकल रहे थे। यानी नए संसद भवन में कोई पोर्टिको भी नहीं है और संभवत वहां जल निकासी की भी कोई व्यवस्था नहीं है। अब संसद भवन के टपकने में प्रकृति का क्या दोष? इस घटना के बाद आरोप लग रहा है कि यहाँ न तो छत वाटर प्रूफ है न ही पानी निकासी के समुचित प्रबंध हैं न सीवर ड्रेनेज सिस्टम सही है। जबकि अंग्रेजों द्वारा निर्मित पुराना संसद भवन जोकि 97 साल पहले 1927 में बनाया गया था आखिर उसके टपकने या लीक होने की तो आज तक कोई खबर नहीं आयी? परन्तु मात्र एक वर्ष पहले तैयार हुआ संसद भवन टपकने भी लगा? इस घटना में प्रकृति दोषी है या भ्रष्ट प्रबंधन या अकुशल, अदूरदर्शी निर्माणकर्ता व इंजीनियर्स?

इसी तरह मानसून से पहले ही जून माह के अंत में जब पहली बारिश हुई उस समय अयोध्या में राम मंदिर मंदिर की छत टपकने लगी। राम मंदिर के मुख्य पुजारी सत्यें द्र मिश्र ने उसी समय मामले की गंभीरता का जिक्र करते हुये कहा था कि, ह्यगर्भगृह में, जहां रामलला विराजमान हैं, वहां भी पानी भर चुका है। ऐसे में कहीं बिजली का करंट न उतर आए इसलिए सुबह 4 बजे और 6 बजे होने वाली आरती टॉर्च की रोशनी में करनी पड़ी। उसी समय पुजारी ने यह भी कहा था कि अगर एक-दो दिन में इंतजाम नहीं हुआ, तो दर्शन और पूजन की व्यवस्था बंद करनी पड़ेगी। ह्न अभी तक राम मंदिर का जो केवल एक फ्लोर तैयार हुआ है इसी पर लगभग 1800 करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं। परन्तु मंदिर ट्रस्ट के कई जिम्मेदार लोगों द्वारा पुजारी सत्येंद्र मिश्र के आरोपों को झुठलाने की कोशिश की गयी। जरा सोचिये यह घटना प्राकृतिक आपदा का परिणाम है या भ्रष्टाचारी व अकुशल निर्माण व्यवस्था का? पिछले दिनों अयोध्या में ही दस से अधिक जगहों पर सड़कों के धंसने के भी सचित्र समाचार आये थे।

ऐसी ही शुरूआती बारिश में पिछले महीने इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 पर पार्किंग की छत गिर गई थी। इस हादसे में कार में बैठे एक कैब ड्राइवर की मौत हो गई थी और 10 अन्य घायल हो गये थे। उसी दौरान देश के अनेक हवाई अड्डों की छतों के टपकने व पानी से एयरपोर्ट के लबालब भर जाने के समाचार आये थे। पिछले दिनों भी मध्यप्रदेश के सतना में 30 करोड़ की लागत से बने एयरपोर्ट में बारिश का पानी भर गया। एयरपोर्ट की एयर स्ट्रिप में भी पानी भर गया। जिससे एयरपोर्ट क्षेत्र में विकास कार्यों की गुणवत्ता व इसकी डिजाइन पर सवाल उठने लगे हैं कि आखिर मात्र डेढ़ इंच बारिश ने सतना में 30 करोड़ रुपये

## वाह ताज ! वाह !!, तुम पवित्र हो गए

राकेश अचल

मेरा सौभाग्य है कि मुझे प्रतिदिन लिखने के लिए अभी तक विषयों का, मुद्दों का अभाव महसूस नहीं हुआ। विविधताओं से भरे हमारे देश में मुद्दों का अक्षय भण्डार है। एक मुद्दा खोजिये तो हजार मिलते है। मुद्दे केवल राजनीतिक ही नहीं होते। उनका स्वरूप भी विविधतापूर्ण है। आज मेरे पास मुद्दे के रूप में कटटरता कहिये या मूर्खता का मुद्दा है और इस मुद्दे के केंद्र में आगरा का ताजमहल है। आगरा का ताजमहल एक इमारत भी है। एक इतिहास भी है और एक बाजार भी है। ताजमहल कुछ लोगों के लिए प्रेम है तो कुछ लोगों के लिए घृणा भी है।

ताजमहल के प्रति घृणा से भरे कुछ युवकों ने ताजमहल के गर्भगृह में बनी शाही मजारों को गंगाजल से धो डाला, ये युवक समझते हैं कि ताजमहल एक शिवालय है। उन्होंने ऐसा कर हिन्दूधर्म की बहुत बड़ी सेवा की है। दोनों युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की भी मजबूरी थी की यदि वो इन युवकों कोगिरफ्तार न करती तो उसके भी कूढ़ मगज होने की बातें होने लगतीं। कानून के हिसाब से एएसआई द्वारा संरक्षित किसी भी इमारत में किसी भी तरह की धार्मिक गतिविधि अपराध है। यहां गंगाजल चढ़ाना भी इसीलिए अक्षम्य है। इन युवकों का कुछ बिगड़ने वाला नहीं है। ।इन्हें आसानी से जमानत मिल जाएगी, ठीक उसी तरह जिस तरह की इन युवकों को मजारों पर गंगाजल चढाने से तात्कालिक सुर्खियां मिलीं हैं। भारत में हमेशा से हिन्दुओं का राज नहीं रहा। इतिहास बताता है कि भारत पर अलग-अलग कालखंड में अलग-अलग जातियों के लोगों ने राज किया है। लेकिन हमारे देश में कुछ लोग ही नहीं बल्कि बहुत से लोग ये मानते हैं कि गैर हिन्दुओं ने उनके हिन्दू प्रतीकों को नष्ट कर नए निर्माण कार्य किये हैं। इसमें हकीकत भी है और नहीं भी। पिछले अनेक दशकों से देश में ऐसे विवादास्पद निमार्णों को लेकर अदालती लड़ाइयां भी लड़ी जा रहीं है। उन्हें जीता और हारा भी जा रहा है। रामजन्म भूमि हो या कृष्ण जन्मभूमि इस विवाद के प्रतीक है। हमारे देश के हिन्दू धर्म के ठेकदार लगातार इन स्थलों को हासिल करने के लिए लड़ाई लड़ रहे है। भोजशाला भी एक ऐसा ही स्थान है।

मै बात कर रहा था उस ताजमहल की जिस पर किताबें भी लिखी गयीं। नज्में भी लिखी गयी। फिल्में भी बनीं और अनेक उपन्यास भी लिखे गए। ताजमहल के बारे में हिंदुस्तान का हर व्यक्ति जानता है, फिर चाहे वो उत्तर का हो या दक्षिण का। पूरब का हो या पश्चिम का रहने वाला भारतीय। हमें बताया गया है कि उत्तर प्रदेश राज्य के आगरा शहर में स्थित एक विश्व धरोहर मकबरा, और विश्व के 7 अजूबों में से एक है। ताजमहल का निर्माण 17वीं सदी में मुगल सम्राट शाहजहाँ ने अपनी पत्नी मुमताज महल की याद में करवाया था।

मेरा मकसद ताजमहल कि बारे में आपका सामन्य ज्ञान बढ़ाना नहीं है। मै तो आपको उन कब्रों कि बारे में बता रहा हूँ जिन्हें गंगाजल से धोया गया है। गूगल महाराज कहते हैं कि मुस्लिम परंपरा के अनुसार ताजमहल में शाहजहाँ एवं मुमताज महल के पार्थिव शरीर इसके नीचे तुलनात्मक रूप से साधारण, असली कब्रों में, में दफ्न हैं, जिनके मुख दाएं एवं मक्का की ओर हैं। मुमताज महल की कब्र आंतरिक कक्ष के मध्य में स्थित है, जिसका आयताकार संगमर्मर आधार 1.5 मीटर चौडा एवं 2.5 मीटर लम्बा है। आधार एवं ऊपर का श्रृंगारदान रूप, दोनों ही बहुमूल्य पत्थरों एवं रत्नों से जडे. हैं। इस पर किया गया सुलेखन मुमताज की पहचान एवं प्रशंसा में है। इसके ढक्कन पर एक उठा हुआ आयताकार लोजैन्ज (र्होम्बस) बना है, जो कि एक लेखन पट्ट का आभास है।

शाहजहाँ की कब्र मुमताज की कब्र के दक्षिण ओर है। यह पूरे क्षेत्र में, एकमात्र दृश्य असम्मितीय घटक है। यह असम्मिती शायद इसलिये है, कि शाहजहाँ की कब्र यहाँ बननी निर्धारित नहीं थी। यह मकबरा मुमताज के लिये मात्र बना था। यह कब्र मुमताज की कब्र से बडी है, परंतु वही घटक दर्शाती हैः एक वृहततर आधार, जिसपर बना कुछ बडा श्रृंगारदान, वही लैपिडरी एवं सुलेखन, जो कि उनकी पहचान देता है। तहखाने में बनी मुमताज महल की असली कब्र पर अल्लाह के निन्यानवे नाम खुदे हैं जिनमें से कुछ हैं ओ नीतिवान, ओ भव्य, ओ राजसी, ओ अनुपम, ओ अपूर्व, ओ अनन्त, ओ अनन्त, ओ तेजस्वी... आदि। शाहजहां की कब्र पर खुदा है;उसने हिजरी के 1076 साल में रज्जब के महीने की छब्बीसवीं तिथि को इस संसार से नित्यता के प्रांगण की यात्रा की।

आगरा के एडीसीपी सिटी सूरज राय ने बताया कि ताजमहल में शनिवार को दो युवकों ने गंगाजल चढ़ाया है. दोनों युवक गंगाजल बोतल में लेकर पहुंचे थे. ऐसे में वहां पर सुरक्षा में तैनात जवानों को पता नहीं चल पाया है. दोनों युवकों के अखिल भारत हिंदू महासभा से जुड़े होने का दावा किया जा रहा है। श्रवण माह में गंगाजल शिवालयों में चढ़ाया जाता है। मुझे लगता है कि हिन्दू युवकों कि इस कृत्य से शाहजहां और मुमताज बेगम की आत्माएं तृप्त हो गयीं होंगी। असली समस्या तो ताजमहल की सुरक्षा करने वाली सीआईएसएफ कि अफसरों की है

# हम तो डूबे हैं सनम तुमको भी ले डूबेंगे

**इस बार भी जहाँ हिमाचल प्रदेश व उत्तरांचल से बादल फटने व भूस्खलन की कई खबरें भयावह तस्वीरों के साथ आ चुकीं वहीँ केरल के वायनाड ज़िले के मुंडक्कई, चूरलमाला और मलप्पुरम ज़िले के नीलांबुर वन क्षेत्र में हुए सबसे खतरनाक व डरावने भूस्खलन ने तो पूरे देश को शोकमग्न कर दिया। खबरों के अनुसार इस भूस्खलन में अब तक 400 से अधिक लोगों की मौत व सैकड़ों लोगों के लापता होने का समाचार हैं। सैकड़ों मकान जमींदोज हो चुके हैं। हिमाचल व उत्तरांचल से आने वाली वह तस्वीरें जिनमें अनेक मकान व गाड़ियां जलसमाधि लेते दिखाई देते हैं वास्तव में प्रकृति की अथाह शक्ति का दर्शन कराती हैं। बेशक ऐसी त्रासदियों को प्राकृतिक आपदा का नाम दिया जा सकता है। क्योंकि प्रकृति का यह प्रहार कब कहाँ, किस रूप में और किस तीव्रता के साथ हो आधुनिक विज्ञान प्रौद्योगिकी के बावजूद किसी को इस बात का सही अंदाजा नहीं हो पाता। परन्तु रिहायशी इलाकों में पानी भर जाना, भूमिगत मार्गों का तालाब में बदल जाना, नाली नालों का जाम होना आदि को तो प्राकृतिक आपदा का नाम हरगिज नहीं दिया जा सकता? नया संसद भवन यानी सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट जोकि 13, 450 करोड़ की लागत से लगभग 4 वर्षों में बनकर तैयार हुआ था और गत वर्ष 19 सितंबर 2023 से इस नई संसद भवन में पहली कार्यवाही शुरू की गई थी। इसी संसद भवन की एक गुंबद से बारिश में पानी टपकने लगा और जलभराव हो गया। संसद भवन में पानी टपकने की जगह पर बाल्टी रखी गयी थी जिससे पानी बाल्टी में गिर रहा था। कई सांसद भी बारिश में भीगते हुये बाहर निकल रहे थे।**





**तनवीर जाफरी**

**लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं**

मानसून की आमद हो चुकी है। इस मौसम में देश के किसी न किसी भाग से बाढ़, जलप्रलय, भूस्खलन, बादल फटने जैसी प्राकृतिक आपदाओं की खबरें आती रहती हैं। इस बार भी जहाँ हिमाचल प्रदेश व उत्तरांचल से बादल फटने व भूस्खलन की कई खबरें भयावह तस्वीरों के साथ आ चुकीं वहीँ केरल के वायनाड ज़िले के मुंडक्कई, चूरलमाला और मलप्पुरम ज़िले के नीलांबुर वन क्षेत्र में हुए सबसे खतरनाक व डरावने भूस्खलन ने तो पूरे देश को शोकमग्न कर दिया। खबरों के अनुसार इस भूस्खलन में अब तक 400 से अधिक लोगों की मौत व सैकड़ों लोगों के लापता होने का समाचार हैं। सैकड़ों मकान जमींदोज हो चुके हैं। हिमाचल व उत्तरांचल से आने वाली वह तस्वीरें जिनमें अनेक मकान व गाड़ियां जलसमाधि लेते दिखाई देते हैं वास्तव में प्रकृति की अथाह शक्ति का दर्शन कराती हैं। बेशक ऐसी त्रासदियों को प्राकृतिक आपदा का नाम दिया जा सकता है। क्योंकि प्रकृति का यह प्रहार कब कहाँ, किस रूप में और किस तीव्रता के साथ हो आधुनिक विज्ञान प्रौद्योगिकी के बावजूद किसी को इस बात का सही अंदाजा नहीं हो पाता।

परन्तु रिहायशी इलाकों में पानी भर जाना, भूमिगत मार्गों का तालाब में बदल जाना, नाली नालों का जाम होना आदि को तो प्राकृतिक आपदा का नाम हरगिज नहीं दिया जा सकता? नया संसद भवन यानी सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट जोकि 13, 450 करोड़ की लागत से लगभग 4 वर्षों में बनकर तैयार हुआ था और गत वर्ष 19 सितंबर 2023 से इस नई संसद भवन में पहली कार्यवाही शुरू की गई थी। इसी संसद भवन की एक गुंबद से बारिश में पानी टपकने लगा और जलभराव हो गया। संसद भवन में पानी टपकने की जगह पर बाल्टी रखी गयी थी जिससे पानी बाल्टी में गिर रहा था। कई सांसद भी बारिश में भीगते हुये बाहर निकल रहे थे। यानी नए संसद भवन में कोई पोर्टिको भी नहीं है और संभवत वहां जल निकासी की भी कोई व्यवस्था नहीं है। अब संसद भवन के टपकने में प्रकृति का क्या दोष? इस घटना के बाद आरोप लग रहा है कि यहाँ न तो छत वाटर प्रूफ है न ही पानी निकासी के समुचित प्रबंध हैं न सीवर ड्रेनेज सिस्टम सही है। जबकि अंग्रेजों द्वारा निर्मित पुराना संसद भवन जोकि 97 साल पहले 1927 में बनाया गया था आखिर उसके टपकने या लीक होने की तो आज तक कोई खबर नहीं आयी? परन्तु मात्र एक वर्ष पहले तैयार हुआ संसद भवन टपकने भी लगा? इस घटना में प्रकृति दोषी है या भ्रष्ट प्रबंधन या अकुशल, अदूरदर्शी निर्माणकर्ता व इंजीनियर्स?

इसी तरह मानसून से पहले ही जून माह के अंत में जब पहली बारिश हुई उस समय अयोध्या में राम मंदिर मंदिर की छत टपकने लगी। राम मंदिर के मुख्य पुजारी सत्यें द्र मिश्र ने उसी समय मामले की गंभीरता का जिक्र करते हुये कहा था कि, ह्यगर्भगृह में, जहां रामलला विराजमान हैं, वहां भी पानी भर चुका है। ऐसे में कहीं बिजली का करंट न उतर आए इसलिए सुबह 4 बजे और 6 बजे होने वाली आरती टॉर्च की रोशनी में करनी पड़ी। उसी समय पुजारी ने यह भी कहा था कि अगर एक-दो दिन में इंतजाम नहीं हुआ, तो दर्शन और पूजन की व्यवस्था बंद करनी पड़ेगी। ह्न अभी तक राम मंदिर का जो केवल एक फ्लोर तैयार हुआ है इसी पर लगभग 1800 करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं। परन्तु मंदिर ट्रस्ट के कई जिम्मेदार लोगों द्वारा पुजारी सत्यौंद्र मिश्र के आरोपों को झुठलाने की कोशिश की गयी। जरा सोचिये यह घटना प्राकृतिक आपदा का परिणाम है या भ्रष्टाचारी व अकुशल निर्माण व्यवस्था का? पिछले दिनों अयोध्या में ही दस से अधिक जगहों पर सड़कों के धंसने के भी सचित्र समाचार आये थे।

ऐसी ही शुरूआती बारिश में पिछले महीने इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 पर पार्किंग की छत गिर गई थी। इस हादसे में कार में बैठे एक कैब ड्राइवर की मौत हो गई थी और 10 अन्य घायल हो गये थे। उसी दौरान देश के अनेक हवाई अड्डों की छतों के टपकने व पानी से एयरपोर्ट के लबालब भर जाने के समाचार आये थे। पिछले दिनों भी मध्यप्रदेश के सतना में 30 करोड़ की लागत से बने एयरपोर्ट में बारिश का पानी भर गया। एयरपोर्ट की एयर स्ट्रिप में भी पानी भर गया। जिससे एयरपोर्ट क्षेत्र में विकास कार्यों की गुणवत्ता व इसकी डिजाइन पर सवाल उठने लगे हैं कि आखिर मात्र डेढ़ इंच बारिश ने सतना में 30 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे इस नवनिर्मित एयरपोर्ट को जल-भराव के कारण अपनी चपेट में कैसे ले लिया? इसी तरह जयपुर में भी पिछले दिनों हुई बारिश ने तो पूरी गुलाबी नगरी को ही डुबो कर रख दिया। स्मार्ट सिटी कहे जाने वाले जयपुर में एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, अस्पताल, कार्यालय, स्कूल, बाजार, मुहल्ले कॉलोनी पुलिस थाने आदि सभी जलमग्न हो गये। जगह-जगह सड़कें धंस गईं, जिनमें स्कूल बस, रिक्शा, कारें और बुलडोजर तक समा गए। इसी तरह बंगाल के बर्धमान जिले के दुगार्पुर में हुई लगातार बारिश के कारण हवाई अड्डे के परिसर में और उसके आसपास जलभराव हो गया है। जिससे काजी नजरूल इस्लाम हवाई अड्डे से आने-जाने वाली उड़ानें प्रभावित हुई हैं। एक अधिकारी ने कहा कि नई दिल्ली और बेंगलुरु सहित हवाई अड्डे से आने-जाने वाली लगभग तीन उड़ानों को रद्द करना पड़ा। इसी प्रकार बेंगलुरु एयरपोर्ट पर भी भारी जलजमाव की खबरें हैं।

पिछले दिनों यूपी की राजधानी लखनऊ में भी तेज बारिश के चलते विधानसभा सचिवालय भवन में पानी घुस गया। जब सदन में पानी घुसा तो उस समय वहां सीएम योगी आदित्यनाथ भी मौजूद थे। उन्हें सदन से बाहर निकलने के लिए दूसरे गेट का इस्तेमाल करना पड़ा। लगभग पूरे विधानसभा भवन के अंदर बारिश का पानी घुस गया। सदन के ग्राउंड फ़्लोर के सभी कमरे जलमग्न हो गए। सिपाहियों व कई अन्य कर्मचारियों ने जलभराव के चलते दीवार और गेट पर चढ़ कर अपनी जान बचाई। इतना ही नहीं बल्कि मुख्यमंत्री आवास के बाहर पार्क रोड पर भी जबरदस्त जल भराव हो गया। सिविल अस्पताल रोड पर हुए जलभराव में तो कई वाहन बंद हो गए। हजरतगंज के कई इलाकों में तो बाढ़ जैसे हालात नजर आये। यहां नगर निगम समेत कई अन्य सरकारी कार्यालयों में भी बारिश का पानी घुस गया। पिछले दिनों दिल्ली के राजेंद्र नगर में यू पी एस सी की कोचिंग लेने आये कई बच्चे बेसमेंट में डूबने से मर गये। निश्चित रूप से बारिश प्रकृति का एक ऐसा उपहार है जो अत्यधिक होने पर हमें परेशानी में तो जरूर डाल देता है। परन्तु हम जिस विकसित भारत के निर्माण की माला जपते रहते हैं

# आरक्षण के भीतर आरक्षण की व्यवस्था का अहम फैसला

**न्यायालय के इस तरह के फैसले मिसाल ही नहीं, मशाल बन कर सामने आ रहे हैं, जिससे राष्ट्र की विसंगतियों एवं विडम्बनाओं से मुक्ति की दिशाएं उद्घाटित हो रही है। यह फैसला कई बिल्कुल अलग-अलग वजहों से अहम माना जा रहा है। क्योंकि बड़ा सच यह है कि ओबीसी समाज की तरह एससी-एसटी समुदाय में भी कई जातियों की आर्थिक-सामाजिक स्थिति न केवल कहीं कमजोर है, बल्कि उन्हें अपने ही वर्ग की अन्य जातियों से भेदभाव का भी सामना करना पड़ता है। यह एक ऐसी सच्चाई है, जिससे कोई इन्कार नहीं कर सकता। यह भी एक तथ्य है कि एससी-एसटी समुदाय में कई जातियां ऐसी हैं, जिन्हें आरक्षण का न के बराबर लाभ मिला है। ऐसा इसीलिए हुआ है, क्योंकि आरक्षण का अधिक लाभ इन वर्गों की अपेक्षाकृत समर्थ जातियां उठाती हैं। यही स्थिति ओबीसी में है। कई अति पिछड़ी जातियों तक आरक्षण का लाभ नहीं पहुंचा है। राजनीतिक एवं संवैधानिक विसंगतियों के कारण ऐसा होता रहा है। सुप्रीम कोर्ट की सात सदस्यीय संविधान पीठ ने जहां छह-एक के बहुमत से एससी-एसटी आरक्षण में कोटे के भीतर कोटे को संविधानसम्मत बताया, वहीं चार न्यायाधीशों ने इन वर्गों के आरक्षण में उसी तरह क्रीमी लेयर की व्यवस्था लागू करने की भी आवश्यकता जताई, जैसी ओबीसी आरक्षण में है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने इस फैसले से 2004 के पांच सदस्यीय संविधान पीठ के फैसले को पलट दिया, जिसमें कहा गया था कि एससी-एसटी समुदाय एक जैसा है और उनकी विभिन्न जातियों में कोई भेद नहीं किया जा सकता। यह वस्तुस्थिति नहीं थी, इस विसंगति को सुधार कर सुप्रीम कोर्ट ने न्यायसंगत उपक्रम किया है। अब राज्यों एवं केन्द्र सरकार को बहुत सावधानी से कदम उठाने होंगे।**





**ललित गर्ग**

**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं**

सुप्रीम कोर्ट ने अनुसूचित जातियों-जनजातियों यानी एससी-एसटी समुदाय में आरक्षण के भीतर आरक्षण का रास्ता साफ करके आरक्षण की व्यवस्था को तार्किक, न्यायसंगत, समानतापूर्ण बनाने का सराहनीय कार्य किया है। न्यायालय के इस तरह के फैसले मिसाल ही नहीं, मशाल बन कर सामने आ रहे हैं, जिससे राष्ट्र की विसंगतियों एवं विडम्बनाओं से मुक्ति की दिशाएं उद्घाटित हो रही है। यह फैसला कई बिल्कुल अलग-अलग वजहों से अहम माना जा रहा है। क्योंकि बड़ा सच यह है कि ओबीसी समाज की तरह एससी-एसटी समुदाय में भी कई जातियों की आर्थिक-सामाजिक स्थिति न केवल कहीं कमजोर है, बल्कि उन्हें अपने ही वर्ग की अन्य जातियों से भेदभाव का भी सामना करना पड़ता है। यह एक ऐसी सच्चाई है, जिससे कोई इन्कार नहीं कर सकता। यह भी एक तथ्य है कि एससी-एसटी समुदाय में कई जातियां ऐसी हैं, जिन्हें आरक्षण का न के बराबर लाभ मिला है। ऐसा इसीलिए हुआ है, क्योंकि आरक्षण का अधिक लाभ इन वर्गों की अपेक्षाकृत समर्थ जातियां उठाती हैं। यही स्थिति ओबीसी में है। कई अति पिछड़ी जातियों तक आरक्षण का लाभ नहीं पहुंचा है। राजनीतिक एवं संवैधानिक विसंगतियों के कारण ऐसा होता रहा है। सुप्रीम कोर्ट की सात सदस्यीय संविधान पीठ ने जहां छह-एक के बहुमत से एससी-एसटी आरक्षण में कोटे के भीतर कोटे को संविधानसम्मत बताया, वहीं चार न्यायाधीशों ने इन वर्गों के आरक्षण में उसी तरह क्रीमी लेयर की व्यवस्था लागू करने की भी आवश्यकता जताई, जैसी ओबीसी आरक्षण में है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने इस फैसले से 2004 के पांच सदस्यीय संविधान पीठ के फैसले को पलट दिया, जिसमें कहा गया था कि एससी-एसटी समुदाय एक जैसा है और उनकी विभिन्न जातियों में कोई भेद नहीं किया जा सकता। यह वस्तुस्थिति नहीं थी, इस विसंगति को सुधार कर सुप्रीम कोर्ट ने न्यायसंगत उपक्रम किया है। अब राज्यों एवं केन्द्र सरकार को बहुत सावधानी से कदम उठाने होंगे। इस ताजे फैसले के बाद अनेक राज्यों में जातिगत गणना की होड़ शुरू हो सकती है एवं राजनीति दलों में आरक्षण का मुद्दा नये आक्रामक रूप में उभर सकता है। लेकिन एक आदर्श समता, समानता एवं संतुलनमूलक समाज-व्यवस्था को निर्मित करने की दिशा में कोर्ट का यह फैसला अहम है।

संविधान पीठ के अनुसार, आरक्षण का मुख्य मकसद आर्थिक और सामाजिक समानता लाना है, पर इसके लिए शहर और गांव की सामाजिक हकीकत में अंतर के साथ आर्थिक पहलुओं को ध्यान में रखना जरूरी है। एससी समुदाय में भी दो बड़े वर्ग है, जिनमें गहरा फासला है। बड़े अफसरों और बड़े वकीलों के बच्चों की तुलना में मैला ढोने वाले बच्चों से करना कैसे न्यायसंगत हो सकता है? इसलिए पीछे रह गई जातियों को मुख्यधारा में लाने के लिए ओबीसी की तर्ज पर एससी में भी कोटे के भीतर कोटे को न्यायाधीशों ने सांविधानिक माना है। आज के समय में इस फैसले की जरूरत को समझा जा सकता है, लेकिन समस्या यह है कि देश में 140 करोड़ जनसंख्या की सामाजिक स्थिति और आर्थिक हैसियत के आंकड़े स्पष्ट तौर पर उपलब्ध नहीं है। ऐसी स्थिति में जनसंख्या के आधार पर आनुपातिक आरक्षण की मांग बढ़ने से सामाजिक और राजनीतिक विद्वेष बढ़ सकता है। क्या इस फैसले से राज्यों में मनमानी बढ़ सकती है? अब नौजवानों से जुड़े अनेक मुद्दों जैसे रोजगार, कोचिंग, अग्निवीर, नीट, इंटर्नशिप, नकल और शिक्षा पर बहस के बीच इस फैसले से क्रीमीलेयर का मुद्दा फिर गरमा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने एससी-एसटी आरक्षण में उपवर्गीकरण करने का अधिकार राज्य सरकारों को भी दे दिया है। इस अधिकार का दुरुपयोग होने की आशंका भी है, क्योंकि सत्तारूढ़ राजनीतिक दल वोट बैंक बनाने के लालच में एससी-एसटी जातियों का मनमाना उपवर्गीकरण कर सकते हैं। राजनीतिक दलों को यह समझना होगा कि आरक्षण सामाजिक न्याय का जरिया है, न कि वोट बैंक की राजनीति का हथियार। वैसे भी अब तक देश में आरक्षण वोट बैंक को सुदृढ़ बनाने का हथियार बना रहा है और राजनीतिक दल इसका अनुचित लाभ उठाते हुए अपेक्षित समुदायों तक आरक्षण का लाभ नहीं पहुंचने दिया।

सुप्रीम कोर्ट के नये फैसले के बाद स्थितियां उग्र एवं आक्रामक होने के साथ प्रभावी भी होगी। इसलिये अब आरक्षण का कई पहलुओं से मूल्यांकन जरूरी हो गया है। वैसे फैसले में साफ कर दिया गया है कि किसी भी तरह का उप-वर्गीकरण स्पष्ट और भरोसेमंद डेटा के ही आधार पर ही किया जा सकता है। देखा जाए तो इस शर्त के जरिए फैसले का संकीर्ण एवं स्वार्थपूर्ण राजनीतिक हितों के लिए इस्तेमाल करने की संभावित कोशिशों पर अंकुश लगाने का प्रयास किया गया है। एससी, एसटी, ओबीसी, दिव्यांग, महिला, ईडब्ल्यूएस जैसी सभी वर्गों के आरक्षण को जोड़ा जाए, तो 99 फीसदी आबादी आरक्षण के दायरे में आ जाती है। चारों राज्यों में होने वाले चुनावों के मद्देनजर देखें, तो इस फैसले के बाद आरक्षण की राजनीति के साथ अदालतों में मुकदमेबाजी भी बढ़ सकती है, जिसका समाधान सूझबूझ एवं लोकतांत्रिक तरीके से करना होगा। अनुच्छेद-19 के तहत नागरिकों को पूरे देश में व्यवसाय और रोजगार का अधिकार है, इसलिए आरक्षण के माध्यम से न्याय और समानता स्थापित करने के लिए जातियों के व्यापक वर्गीकरण की राष्ट्रीय नीति को न्यायिक मान्यता देनी पडेगी।

आरक्षण के बावजूद अपेक्षित लोगों को इसका लाभ न मिलना संवैधानिक एवं राजनीतिक विसंगति का प्रमाण है। ताजे फैसले के बाद राज्य सरकारें अब अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग में भी आरक्षण के लिए अलग-अलग श्रेणियां बना सकती हैं। इस फैसले के बाद इन वर्गों में हाशिए पर पड़ी जातियों को आरक्षण का फायदा मिलने की उम्मीद जगी है। ऐसा इसलिए भी क्योंकि यह बात भी लगातार उठाई जा रही थी कि समुचित अवसर नहीं मिलने के कारण आरक्षित एससी-एसटी वर्ग में भी ऐसी कई जातियां हैं जो सामाजिक और आर्थिक तौर पर पिछड़ेपन से उबर नहीं पा रही हैं। आरक्षण के बावजूद भूमिहीन एवं निर्धन लोगों की स्थिति आज भी दयनीय एवं असंतुलित है। क्योंकि उच्च प्रशासनिक अधिकारियों के बच्चों के बारे में यह नहीं कहा जा सकता कि उनकी स्थिति गांव में रहने वाले भूमिहीन-निर्धन-अभावग्रस्त लोगों के बच्चों जैसी है। सच यही है कि आरक्षण की व्यवस्था का फायदा भी एससी/एसटी श्रेणी के तहत आने वाली सभी जातियां समान रूप से नहीं उठा सकीं। ताजा फैसला इस सचाई को स्वीकार करते हुए राज्य सरकारों के लिए यह गुंजाइश बनाता है कि वे इस व्यवस्था का फायदा उन तबकों तक पहुंचाने की व्यवस्था करें जिन तक यह ठीक से नहीं पहुंचा है।

# महुआ मोइत्रा के साहस की जितनी तारीफ की जाए कम है

सनत जैन

गौतम अडानी अपने जीवन की सबसे बड़ी गलती कर रहे हैं निशिकांत दुबे की व्यक्तिगत लड़ाई में अडानी की सोने की लंका दांव पर महुआ मोइत्रा के चरित्र हनन की इस लड़ाई का अंजाम अडानी और भाजपा को भारी नुकसान इन दिनों सोशल मीडिया पर महुआ मोइत्रा के बहुत सारे चित्र और वीडियो वायरल हो रहे हैं। जिसमें महुआ को चरित्रहीन बताया जा रहा है। सोशल मीडिया की ट्रोल आर्मी के माध्यम से महुआ मोइत्रा को चुप करने की जो कोशिश की जा रही है। भारतीय जनता पार्टी और अडानी समूह की यह सबसे बड़ी गलती साबित होगी। महाभारत के युद्ध में जिस तरह से द्रोपती का चीर हरण किया गया था। ठीक उसी तरह का चीरहरण महुआ मोइत्रा का करने की कोशिश की जा रही है। इसका नुकसान महुआ मोईत्रा को जो भी होगा, वह व्यक्तिगत चारित्रिक स्तर पर हो सकता है। लेकिन इसका सबसे बड़ा नुकसान अदानी समूह और भाजपा को होने जा रहा है। अदानी ने पिछले एक दशक में जो सफलताएं प्राप्त की हैं। वह इस लड़ाई में दांव पर लगती हुई नजर आ रही हैं। जिस तरह से सीता मॉ के अपहरण के कारण रावण का अंत हुआ। द्रोपती के कारण दुर्योधन और कौरव वंश का अंत हुआ। अब महुआ मोइत्रा के कारण अदानी समूह भी उसी रास्ते पर जाता हुआ दिख रहा है।

महुआ मोइत्रा का जन्म पश्चिम बंगाल में हुआ। उनकी उच्च शिक्षा अमेरिका के सबसे टॉप होलीओक गर्ल्स कॉलेज मे हुई। इस कॉलेज में मेधावी छात्राओं को ही प्रवेश मिलता है। महुआ मोईत्रा पढ़ाई के दौरान इस कॉलेज की सर्वश्रेष्ठ छात्राओं में से एक थी। पढ़ाई के दौरान ही अमेरिका के सबसे बड़े, जेपी मॉर्गन बैंक में इन्हें नौकरी मिल गई। कुछ ही वर्षों में वह जेपी मॉर्गन बैंक की उपाध्यक्ष बन गई। कुशाग्र बुद्धि की मेहनती, हंसमुख और हर चैलेंज को स्वीकार करने वाली महुआ मोइत्रा कुछ ही वर्षों में सफलता के ऊंचे मुकाम पर पहुंच गई।

नौकरी के दौरान इन्होंने डेनमार्क के अपने एक दोस्त के साथ शादी की। यह शादी ज्यादा समय तक नहीं चली। 35 साल की उम्र में उनका तलाक हो गया। उसके बाद वह नौकरी छोड़कर भारत लौटकर आ गई।

महुआ मोइत्रा का बचपन पश्चिम बंगाल में बीता। बचपन में जो बंगाल के संस्कार थे, वहां का खानपान संस्कृति का असर आज भी महुआ मोइत्रा में है। लंबे समय तक अमेरिका और यूरोप के कई देशों में रही हैं। इसका असर भी उनकी निजी जिंदगी में पड़ा। वह अपनी जिंदगी को बिंदास तरीके से जीती हैं। सबसे बड़ी खासियत यह है, कि महुआ जैसी होती है, वैसा ही प्रदर्शित करती हैं। जिसके कारण वह हमेशा चचाओं में बनी रहती हैं।

जब वह भारत आई, उन्होंने राजनीति में कदम रखा। 2016 में वह टीएमसी की टिकट पर पश्चिम बंगाल में विधायक निर्वाचित हुई। 2019 में लोकसभा के लिए निर्वाचित हो गई। युवा अवस्था से लेकर तलाक तक वह अमेरिका और यूरोप के देशों में रही। वहां पर उनका खाने-पीने रहने और जीने का तरीका पश्चिमी संस्कृति पर आधारित था। भारत आने पर भी वह अपनी निजी जिंदगी को अपने हिसाब से जीती है। अपने राजनीतिक जीवन को जिनके बीच में वह राजनीति करते है। उनके अनुसार जीवन शैली में ढल जाती हैं। भारत में उनके एक मित्र बने। जिनका नाम जय अनंत शाह है। वह सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट हैं। उनके साथ जब वह दिल्ली में होती थी। उनके साथ ही रहती और ज्यादा समय गुजराती थी। उनके साथ निजी और अंतरंग संबंध भी थे। किसी मामले में उनका जय अनंत शाह से मतभेद हुआ। उनके साथ महुआ ने अपने संबंध तोड़ लिये। महुआ मोइत्रा ने सांसद निशिकांत दुबे की फर्जी डिग्री को लेकर सवाल उठाए थे। जिससे उनकी व्यक्तिगत अदावत निशिकांत दुबे से हो गई।

## संक्षिप्त खबरें

### शांति समिति की बैठक सम्पन्न



बेतिया मोहन सिंह। महावीर झंडा में विधि व्यवस्था एवं शांति बनाए रखने हेतु रविवार को नगर थाना में एसडीपीओ-2 विवेक दीप की अध्यक्षता में शांति समिति की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर थाना अध्यक्ष पुलिस निरीक्षक मनोज कुमार सिंह, काली बाग थाना अध्यक्ष श्री बालेंदु के अलावे दोनों थाना के कई पुलिस पदाधिकारी तथा नगर के सभी वार्ड पार्षद, एवं सभी लाइसेंस धारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सीडीपीओ ने लोगों से भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण माहौल में महावीर झंडा बनाने की अपील किया तथा कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया।

### आरोग्य चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का किया आयोजन



रक्सौल। रविवार को रक्सौल प्रखंड स्थित भेलाही में नेता जी चौक पर शहर के लक्ष्मीपुर स्थित आरोग्य चैरिटेबल ट्रस्ट के बैनर तले चंपारण हॉस्पिटल, भेलाही स्टेशन के सामने द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसके साथ ही निःशुल्क ब्लड सुगर, ब्लड प्रेसर, ईसीजी जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें तकरीबन 360 मरीजों की जांच कर स्वास्थ्य परामर्श दिया गया।इस कैंप में बीपी अर्थात साइलेंट किलर नाम से मशहूर बीमारी एवं शुगर के साथ सीपीआर पर लोगों को जागरुक किया गया। इस कैंप में चिकित्सक डॉ. कुमार मनीष, डॉ. अरूण कुमार, डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. चंदन कुमार ने अहम भूमिका निभाई। मौके पर भेलाही मुखिया सुमन पटेल एवं एसीटी पारा मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के छात्र-छात्राएं भी उपस्थित थे।

### मेराजुद्दीन खान उर्फ गुड्डू खान को जदयू ने पार्टी से निकाला

छपरा कार्यालय। जदयू जिला अध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू ने कहा कि विगत लोकसभा चुनाव 2024 में मेराजुद्दीन खान उर्फ गुड्डू खान का राजद प्रत्याशी के पक्ष में काम करते हुए और राजद का गमछा गर्दन पर लगाए हुए सोसल मीडिया के माध्यम से फोटो प्राप्त हुवा जिसका गुड्डू खान को लिखित स्पष्टीकरण देने के लिए कहा गया था लेकिन जवाब देना मुनासिब नहीं समझे उल्टे पार्टी के पद से त्यागपत्र देते हुए दबाव बनाने की कोशिश किया गया जिसकी सारी जानकारी प्रदेश अध्यक्ष जदयू एवम सारण प्रमंडल संगठन प्रभारी जदयू को दे दिया गया है मेराजुद्दीन खान उर्फ गुड्डू खान को पार्टी विरोधी कार्य करने के लिए पार्टी के प्राथमिक सदस्यता को रद्द करते हुए पार्टी से निकाल दिया गया है

### भाजपा के कार्यसमिति की हुई बैठक

परसा।प्रखंड के बलिगांव पंचायत स्थित बहलोलपुर मठ परिसर में सारण विस्तृत मंडल कार्यसमिति का बैठक पूर्वी मंडल अध्यक्ष अजय नाथ पूरी की अध्यक्षता में किया गया।बैठक में निरंजन शर्मा ने कहा कि पार्टी के निर्देश पर प्रत्येक मंडल में बैठक किया जा रहा है।बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओ से आगामी 6 अगस्त से घर घर तिरंगा लहराने,मोदी सरकार के विकास कार्य की जानकारी देने तथा बाइक रैली निकाल जागरूकता अभियान चलाने की बातें कही।उन्होंने कहा कि सरकार के उपलब्धि को प्रत्येक जनता तक पहुँचाने पर जोड़ दिया।वही राकेश कुमार सिंह ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी,सांसद राजीव प्रताप रूडी के नेतृत्व में सारण का विकास जारी है।पार्टी के विकास और पार्टी के दिशा निर्देश पर आगामी 6 अगस्त से पार्टी के कार्यकर्ता द्वारा विशेष अभियान चलाया जाएगा।जिसकी तैयारी की समीक्षा किया गया।साथ ही कार्य प्रारंभ करने की रूप रेखा तैयार किया गया।इस अभियान के तहत मोदी सरकार के विकास कार्य की जनाकारी जन जन तक पहुँचाने के लिए प्रेरित किया। कार्यसमिति की बैठक में पूर्व मंडल संजय चौबे,महामंत्री संतोष शर्मा,मीडिया प्रभारी पप्पू कुमार गुप्ता,वार्ड सदस्य बिक्रम कुमार,शिव नारायण सिंह,शत्रुध्न सिंह,शिव नाथ सिंह,नीतीश शर्मा ने अपना विचार प्रकट किया।साथ हीं कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सर्वसहमति से निर्णय लिया गया।

# बगहा अम्बेडकर आवासीय विद्यालय का एसी एसटी कल्याण मंत्री जनक राम ने किया औचक निरीक्षण

## अनियमितता देख भड़के मंत्री, लगाई डांट फटकार

प्रात :किरण संवाददाता



बगहा। बगहा में अम्बेडकर आवासीय विद्यालय चौतरवा का मंत्री जनक राम ने औचक निरिक्षण किया। इस दौरान अनियमितता पर भड़के एसी एसटी कल्याण मंत्री जनक राम ने पश्चिम चम्पारण जिला कल्याण पदाधिकारी समेत विभागीय अधिकारीयों को कड़ी डांट फटकार लगाई। वहीं 15 दिनों के भीतर स्थिति में सुधार नहीं होनें पर विभागीय कार्रवाई का भी अल्टीमेटम दिया है जिसके बाद हड़कंप मचा है।

दरअसल उतर प्रदेश व नेपाल सीमा पर स्थित बगहा बीजेपी कार्यालय में आयोजित बीजेपी कार्यसमिति की बैठक में शामिल होनें बगहा जाने के दौरान मंत्री अचानक राजकीय अम्बेडकर अनुसूचित जनजाति +2 आवासीय विद्यालय चौतरवा पहुँचे इस दौरान छात्रों की शिकायत के बाद एक्शन में दिखे बिहार सरकार के कबीना मंत्री जनक राम ने आवासीय विद्यालय में पसरी गंदगी,भोजन पानी में देरी व गड़बड़ी समेत कई अन्य जरूरतों में अनदेखी को लेकर गंभीरता दिखाई और यही वजह है की अधिकारीयों को सुधर जाने के साथ साथ सिस्टम चुस्त दुरुस्त रखने को लेकर मोहलत दिया है।

बताया जा रहा है की बगहा में रविवार को अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग बिहार सरकार के मंत्री ने राजकीय अंबेडकर अनुसूचित जाति -जनजाति +2 आवासीय विद्यालय चौतरवा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यालय की व्यवस्था में कई खामियां पाई गई जिसको लेकर मंत्री ने विद्यालय प्रबंधन को सुधार करने की हिदायत दी और इसके लिए 15 दिन का समय दिया है ।

दरअसल मंत्री जनक राम को छात्रावास में रह रहे छात्रों से शिकायत मिली थी की उन्हें समय पर भोजन नहीं दिया जाता और साथ ही मेनू के मुताबिक उन्हें पौष्टिक खाना नहीं खिलाया जाता है। नतीजतन अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग बिहार सरकार के मंत्री जनक राम एकाएक विद्यालय में पहुंच गए और ऑन द स्पॉट छात्रों से शिकायतें सुनने के बाद विद्यालय प्रबंधन की जमकर क्लास लगाई। इस दौरान उन्होंने प्रधानाध्यापक को नसीहत देते हुए कहा की आप इतने स्मार्ट हैं बच्चों को भी स्मार्ट बनाकर रखना चाहिए। अब तक उनको ड्रेस नही दिया गया जबकि 15 जुलाई तक यूनिफार्म दे देना चाहिए था ।

बतादें की इस आवासीय विद्यालय में बच्चों को रात 9 बजे की बजाय 11 बजे रात्रि में खाना दिया जाता है वह भी घटिया किस्म का रहता है ।इसके अलावा कुछ बच्चों ने भरपेट नाश्ता और खाना नहीं मिलने की भी शिकायत की थी जिसको लेकर मंत्री ने आदेश दिया की कैंपस में साफ सफाई समेत अन्य कमियों को 15 दिन के भीतर हाल में दुरुस्त किया जाए वरना कार्रवाई सुनिचित होगी ।

## शैक्षणिक परिभ्रमण में स्कूली बच्चों ने वैशाली के ऐतिहासिक धरोहर को देखा और समझा



प्रात :किरण संवाददाता

मशरक। मुख्यमंत्री शैक्षणिक परिभ्रमण योजना के तहत मशरक नगर पंचायत अवस्थित राजकीयकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मशरक के छात्र छात्राओं का 52 सदस्यीय दल वैशाली दर्शन किया। ऐतिहासिक स्थल दर्शन के लिए आरक्षित बस से पहुंचे टीम में 28 छात्रा एवम 16 छात्र के अलावे 8 शिक्षक शिक्षिका शामिल थे। स्कूल परिभ्रमण दल विद्यालय प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार के साथ रवाना हुई जिसके नोडल प्रभारी शिक्षक संजय कुमार सिंह के अलावे शिक्षक अरुण कुमार बरनवाल , रामप्रवेश पंडित , डा मनोज कुमार सिंह , राजेंद्र कुमार , श्वेता कुमारी एवम गाइड के रूप में भारती कुमारी साथ थे। विद्यालय प्रधान ने सभी शिक्षको के जिम्मे अलग अलग छात्र छात्राओं की जिम्मेदारी सुनिश्चित की ।कक्षा 9 से 12 तक अध्ययन करने वाले छात्र छात्राओं में विद्यालय में अध्ययन रत वैसे लोगो का चयन वर्ग शिक्षक द्वारा किया गया जो नियमित स्कूल आने के अलावे पठन पाठन एवम अन्य गतिविधि में शामिल रहते है।इसके अलावे खेल , स्काउट , यूथ एंड इको क्लब के छात्र छात्रा भ्रमण दल में शामिल थे। पहली बार ऐतिहासिक स्थल को करीब से देखने वाले सभी छात्र छात्रा काफी उत्साहित थे। वैशाली में सभी ने पार्क में सामूहिक लंच करने के बाद बौद्ध स्तूप , म्यूजियम , शिलालेख, पहली सदी से 18 वी सदी तक के सिक्के , मूर्ति से लेकर अन्य महत्वपूर्ण अवशेषों को करीब से देख अपनी शैक्षिक बौद्धिक ज्ञान वृद्धि की ।वहा से कोल्हुआ पहुंच अशोक स्तंभ के साथ प्राचीन नगर योजना सहित अन्य प्राचीन कला को नजदीक से देखा और समझा।

## मशरक में हवारी विकास समिति प्रखंड कमिटी का हुआ गठन,कई मुख्य विंदुओं पर किया चर्चा

प्रात :किरण संवाददाता

मशरक। मशरक प्रखंड क्षेत्र के चंदेश्वर मोड़ अवस्थित अनिल कुमार सिंह के आवासीय सभागार में हवारी विकास समिति की एक बैठक मिर हसन साई की अध्यक्षता मे हुई।जिसमे मुस्लिम धोबी सामाज के हवारी विकास संगठन को मजबुती प्रदान करने पर विचार विमर्श किया गया। और इस सामाज को एकजुट करने के लिए प्रखंड स्तरीय कमेटी का गठन किया गया। बैठक में मुस्लिम धोवी जाति को अनुसूचित जाति में पुनः शामिल करने के लिए सरकार से मांग किए जाने पर जोर दिया गया।

अपने बिरादरी में दीनी और बुनियादी शिक्षा पर जोर दे खासकर बच्चियों को शिक्षा पर को लेकर। अपने संगठन के माध्यम से बिरादरी में कमजोर छात्र छात्राओं को आर्थिक मदद किए जाने और बच्चो, बच्चियो के नाम मे हवारी टाईटिल लगाने को कहा गया।

ताकि हवारी मुस्लिम धोबी का टाईटिल बन जाए। जाति के सभी लोगो को सामाजिक और राजनैतिक रूप से सक्रिय करने की अपील की गयी।वही प्रखंड स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए प्रखंड स्तरीय कमिटी का गठन किया गया।

जिसमे मीर हसन को प्रखंड अध्यक्ष, अफताब आलम को उपाध्यक्ष,सहजाद अकबर को सचिव, अब्दुल रज्जाक को उपसचिव, नवी हसन को कोषाध्यक्ष, फकरुद्दीन को उप कोषाध्यक्ष, तुफान अली को मीडिया प्रभारी जबकि नसरुद्दीन,सहजाद आलम को सदस्य बनाया गया।

बैठक में मुख्य रूप से संघ के नेता आस मोहम्मद, मोहम्मद इद्रीस, मोहम्मद इस्माइल,रजि अहमद सहित काफी संख्या में संगठन के सदस्य उपस्थित थे।

## 6 दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त कर घर लौटे प्रधानाध्यापक की हृदय गति रुकने से मौत



प्रात :किरण संवाददाता

परसा।प्रखंड के माड़र पंचायत अंतर्गत माड़र स्थित प्राथमिक विद्यालय बालका में प्रधानाध्यापक के पद कार्यरत स्व सुखलाल राम के 51 वर्षीय पुत्र सुभाष राम की हृदय गति रुकने से मौत हो गई. मौत की खबर मिलते ही शिक्षकों में शोक की लहर दौड़ गई.शिक्षको जताया शोक.मृतक के परिजनों ने बताया कि पटना जिला के प्राथमिक शिक्षा महाविद्यालय बाढ़ में 29 जुलाई से तीन अगस्त तक चल रहे 6 दिवसीय बुनियादी प्रशिक्षण के लिए गए हुए थे.प्रशिक्षण प्राप्त कर शनिवार के दिन घर लौटे. इसके बाद शनिवार की रात ही अचानक उनका तबीयत बिगरने लगा.जिनको परिजनों प्राथमिक उपचार हेतु आनन फानन में परसा समुदायिक स्वास्थ्य लाया गया.जहां उनकी मौत हो गई.वहीं मौत की खबर मिलते ही शिक्षकों में शोक की लहर दौड़ गई.रविवार की सुबह से ही सांत्वना देने के लिए शिक्षकों की लंबी कतारे लगी रहे.इस दौरान स्थानीय जीप सदस्य विनोद राय मुखिया प्रतिनिधि ई. मो आसिफ असलम शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष उमेश राय गजेंद्र राय विमल राय सतेन्द्र राय अकबर अली संजय राम विनोद दास सुरेश सिंह शुभाष माझी राजेंद्र राय आदम अली इत्यादि लोगों ने परिजनों से मिलकर सांत्वना दिया.वही मौत की खबर मिलते ही पत्नी बबीता देवी पुत्र प्रदीप कुमार रवि कुमार पुत्री प्रियंका कुमारी काजल कुमारी भाई शंकर राम का रो-रो कर बुरा हाल था।

## भारत विकास परिषद रक्सौल द्वारा निःशुल्क अन्नपूर्णा रसोई सेवा के पंद्रहवें महीने 500 लोगों को कराया गया भोजन

प्रात :किरण संवाददाता



रक्सौल। रविवार को मेन रोड स्थित पोस्ट ऑफिस के सामने भारत विकास परिषद शाखा रक्सौल के तत्वावधान में सेवा प्रकल्प के तहत अन्नपूर्णा रसोई सेवा के माध्यम से बेघरों, दिहाड़ी मजदूरों, गरीब, असहाय एवं भिक्षुओं के बीच निःशुल्क भोजन वितरित किया गया। इस मौके पर परिषद के अध्यक्ष डॉ.राजेन्द्र प्रसाद सिंह एवं सचिव सह मीडिया प्रभारी रजनीश प्रियदर्शी ने संयुक्त रूप से बताया कि बीते चौदह महीनों से परिषद के सदस्य अपने-अपने क्षेत्र में मानव सेवा के कारवां को आगे बढ़ाने के संकल्प लेकर निःशुल्क अन्नपूर्णा रसोई सेवा के तहत भोजन वितरण निर्बाध गति से चल रहा है, साथ ही उम्मीद है कि माँ अन्नपूर्णा कृपा से परिषद द्वारा यह सेवा कार्य अनवरत चलता रहेगा। परिषद के सेवा प्रकल्प के तहत इस कार्यक्रम का मूल उद्देश्य गरीब व लाचार लोगों की भूख मिट सके, वे स्वस्थ रहें और उन्हें भी खुशियों का एहसास हो। वहीं परिषद के मनोज सिंह ने कहा कि परिषद द्वारा वितरित प्रत्येक महीने के भोजन के मेनू में कुछ फेर बदल कर भोजन परोसा जा रहा है, इस बार भोजन में जीरा राइस, दाल फ्राई, आलू बेसन की रसदार सब्जी एवं रंग-बिरंगी तिलौरी परोसा गया, जिसे लोगों पूरे चाव से भरपेट ग्रहण किया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सेवा देने वालों में नरेश मित्तल, अजय मस्करा, भगवती सर्राफ, विष्णु मस्करा, सचिव सह मीडिया प्रभारी रजनीश प्रियदर्शी, सुरेश धनोठिया, मनोज सिंह, विनोद कुमार, विकास कुमार, समेत परिषद के कई सदस्यों का नाम उल्लेखनीय रहा। इसकी जानकारी परिषद के सचिव सह मीडिया प्रभारी रजनीश प्रियदर्शी ने दी है।

## बगहा जिला कार्य समिति बैठक में शामिल हुए केंद्रीय मंत्री सतीश चंद्र दुबे पार्टी, कार्यकर्ताओं में भरी हुंकार




प्रात :किरण संवाददाता

बगहा। बीजेपी विस्तृत बगहा जिला कार्यसमिति की बैठक में शामिल हुए केंद्रीय मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने बिहार सरकार के मंत्री जनक राम के साथ पार्टी कार्यकताओं में हुंकार भरी । दरअसल बिहार में मिशन 2025 को भेदने की बूथस्तर पर तैयारीयां तेज हों गईं हैं लिहाजा बीजेपी ने पूरी तरह कमर कस लिया है और यही वजह है की अभी से पार्टी कार्यकताओं को ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने का टास्क दिया जा रहा है ताकि 2025 के विधानसभा चुनाव में जीत की राह आसान हों सकें ।

इस दौरान बगहा पहुँचे केंद्रीय मंत्री सतीश दूबे ने कहा की बीजेपी जन जन तक पहुंचने वाली लोगों के बीच व कार्यकताओं के साथ रहने वाली एक मात्र पार्टी है जो सबका ख्याल रखती है सबको साथ लेकर चलती है और सबका विकास करती है। आम बजट में बिहार को मिली सौगात पर उन्होंने खुशी जताते हुए चम्पारण और बिहार को और आगे लें जाने का दावा किया ।

इधर आरक्षण पर बिहार सरकार के मंत्री जनक राम ने विपक्ष पर जमकर प्रहार किया, मंत्री ने कहा की आरजेडी के माता पिता की सरकार में क्या हुआ जग जाहिर है लिहाजा उनको आरक्षण पर कुछ भी बोलने का अधिकार नहीं है ।क्योंकि बिहार में नीतीश कुमार और देश में नरेंद्र मोदी की सरकार दलितों, पिछड़ों और अकलियत के साथ साथ गरीब सवर्णों के उत्थान को लेकर जो काम किया है वह काबिले तारीफ है तभी तो डबल इंजन की सरकार में आज बिहार और देश का तेजी से विकास हों रहा है जल्द हीं भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर होगा ।

बतादें की कार्यसमिति की बैठक में बगहा सदर विधायक राम सिंह के साथ रामनगर विधायक पद्मश्री भागीरथी देवी और बीजेपी जिलाध्यक्ष भूप नारायण तिवारी के साथ सभी संगठन के कार्यकर्त्ता मौजूद रहे ।

## देशी शराब, 01 चोरी का मोटरसाइकिल को किया जब्त

प्रात :किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। सारण पुलिस द्वारा ज़िले में अवैध शराब का सेवन, निर्माण, बिक्री, भण्डारण, परिवहन, शराब तस्करों एवं शराब कारोबारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है` इसी क्रम में अवतारनगर थाना को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति बलुआ दियर से 01 मोटरसाइकिल पर बोरा में देशी शराब लेकर रामुटोला संठा के तरफ जाने वाला है। उक्त सुचना पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए अवतारनगर पुलिस दल, साथ में मुफ्फसिल अंचल स्तरीय अछ्ळऋटीम द्वारा रामुटोला ठल्- 19 के पास से 01 मोटरसाइकिल पर लदे बोरा से कुल- 120 लीटर देशी शराब को जप्त कर 01 शराब कारोबारी को गिरफ्तार किया गया` बिना नंबर प्लेट वाला शराब परिवहन में उपयोग किये गए जप्त मोटरसाइकिल के जांच के क्रम में पता चला कि उक्त मोटरसाइकिल रिविलगंज थाना कांड संख्या- 131/24 से संबंधित चोरी की गई मोटरसाइकिल है` गिरफ्तार अभियुक्त रवि कुमार, उम्र- 19 वर्ष,पिता- उमेश राय, सा०-पूर्वी बलुआ, थाना- डोरीगंज, जिला-सारण को चोरी की मोटरसाइकिल उपयोग करने एवं अवैध देशी शराब के परिवहन करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया` इस संबंध में अवतारनगर थाना कांड संख्या- 191/24, दिनांक 03 08 2024 धारा- 317(5) भा0न्या0सं0 एवं 30(`) बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधि0 दर्ज कर काण्ड में संलिप्त अन्य शराब तस्करों की गिरफ़्तारी हेतु अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त रवि कुमार, उम्र- 19 वर्ष,पिता- उमेश राय, सा०-पूर्वी बलुआ, थाना- डोरीगंज, जिला- सारण शामिल है ।जप्त/बरामद सामान देशी शराब :- 120 लीटर , 2. चोरी का मोटरसाइकिल :- 01 टीम में शामिल पुलिस पदाधिकारी :- शशि रंजन,पु०अ०नि०- सह- थानाध्यक्ष अवतारनगर थाना, अ'ॾ मुफ्फसिल अंचल एवं थाना के अन्य कर्मी शामिल थे।

## तिलक प्रभात शाखा का गुरुदक्षिणा उत्सव मना

प्रात :किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तिलक शाखा की श्रीगुरुदक्षिणा रविवार को शिवशंकर पैलेस में आयोजित की गई थी। गुरुदक्षिणा उत्सव में मौना वानगंज,दालदाली बाजार एवं मौना मोहल्ले के स्वयंसेवक मौजूद थे। गुरूदक्षिणा उत्सव में जेपी विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर संस्कृत विभाग के अध्यक्ष सह आरएसएस के कुटुंब प्रबोधन के विभाग प्रमुख ( छपरा एवं सिवान ) डा. वैद्यनाथ मिश्र का उद्बोधन हुआ। डा.वैद्यनाथ मिश्र ने स्वयंस्वेकों को संबोधित करते हुए वर्तमान परिस्थिति में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा कि संघ समाज के भिन्न -भिन्न वर्गों के बीच में काफी सराहनीय कार्य कर रहा है और लोगों में राष्ट्रीयता की भावना को पुष्ट करने का काम कर रहा है। उन्होंने ने व्यक्ति के जीवन में गुरु की महत्ता को भी विस्तार से बताते हुए कहा कि बिना गुरु के ज्ञान नहीं हो सकता है। संघ ने अपना गुरू भगवा ध्वज को बनाया है क्योंकि व्यक्ति में दोष हो सकता है लेकिन ध्वज हमेशा प्रेरणा देने का कार्य करता है। गुरुदक्षिणा से संघ के सभी प्रकल्प व संगठन का संचालन होता है। देश के विभिन्न क्षेत्रों में कंदराओं में रहने वाले बंधुओं के लिए चलाए जा रहे सेवा प्रकल्पों पर भी इसी दक्षिणा से कार्य किए जाते हैं, इसलिए सभी स्वयंसेवकों को इसमें बढ़-चढ़कर सहभागिता करनी चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित होकर सभी स्वयंसेवकों ने अपने गुरु भगवाध्वज की पूजा-अर्चना कर राशि समर्पित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सेवानिवृत शिक्षक शम्भु कमलाकर मिश्र,ओम प्रकाश गुप्ता,रामेश्वर राय,सुरेश प्रसाद श्रीवास्तव,राघव प्रसाद उर्फ कैप्टन साहेब ,रजनीश सुधाकर, सत्यप्रकाश मिश्र उर्फ पीडी बाबा, मारुति करुणाकर,आशांत सिंह,विपुल मिश्रा, विकास कुमार,अमर नाथ प्रसाद,आदित्य कास्यंकर आदि उपस्थित थे।

## सढ़वारा में अष्टयाम सह रुद्राभिषेक यज्ञ शुरू

प्रात :किरण संवाददाता

इसुआपुर । प्रखंड के सढ़वारा-चहपुरा बाजार स्थित पौराणिक बाबा बिंदेश्वर नाथ धाम शिव मंदिर के प्रांगण में रविवार को सार्वजनिक अखंड अष्टयाम सह रुद्राभिषेक यज्ञ की शुरूआत हुई। आचार्य वीरेंद्र तिवारी, राजदेव दुबे, विजेंद्र तिवारी, ब्रिजकिशोर ओझा, नृपेन्द्र ओझा तथा मंदिर के पुजारी श्रीकृष्ण गिरी के वैदिक मंत्रोच्चारण से वतावरण भक्तिमय बना हुआ है। मुख्य यजमान के रूप में संतोष कुमार राय तथा उनकी धर्मपत्नी बिंदु देवी थे। यज्ञ का संचालन कर रहे समाजसेवी रिटायर्ड शिक्षक सुरेश प्रसाद श्रीवास्तव, अमित कुमार शर्मा, शिक्षक विकास कुमार साह, राहुल कुमार, अंकित कुमार, विश्वास शर्मा, कृष्णा साह, सूरज सिन्हा, सोनी देवी, अजय पटेल, गुरुदेव राय का कहना था कि स्थानीय बिंदलाल प्रसाद द्वारा 1840 ई में इस पांच मंजिला मंदिर का निर्माण कराया गया था। जीर्ण शीर्ण अवस्था में हो जाने पर पुनः 1934 में स्थानीय ब्रजभूषण प्रसाद द्वारा इस मंदिर का जीर्णोद्धार कराया गया। तब से इस मंदिर का रख रखाव तथा देख भाल कमेटी द्वारा की जाती है। इस मौके पर दिवंगत महात्माओं जिन्होंने मंदिर का निर्माण तथा जीणोर्धार कराया है उन्हें श्रद्धापूर्वक याद व नमन किया गया। लोगों का कहना था कि सैकड़ों बर्ष पुराने इस मंदिर में महाशिवरात्रि, सावन के महीने तथा तेरस की तिथि को हजारों श्रद्धालु शिवलिंग पर जलाभिषेक करते हैं। भगवान भोलेनाथ भक्तों की मन वांछित इच्छा भी पूरी करते हैं। इन तिथियों को यहां भव्य मेला भी लगता है।

## तीसरी सोमवारी के जलाभिषेक के लिए शिव भक्तों की वाल्मीकिनगर में उमड़ी जबरदस्त भीड़



प्रात :किरण संवाददाता

बगहा। नेपाल,बिहार और उत्तर प्रदेश की सीमा पर स्थित पौराणिक कथाओं और ऐतिहासिक मान्यताओं से लबरेज वाल्मीकिनगर के कौलेश्वर और जटाशंकर महादेव मंदिर में पवित्र सावन मास के तीसरी सोमवारी के जलाभिषेक के लिए शिव भक्तों की वाल्मीकिनगर में भीड़ उमड़ पड़ी है।बतादें की वाल्मीकिनगर स्थित नारायणी गंडक त्रिवेणी संगम तट से कांवरिये जलबोझी कर पश्चिमी चम्पारण जिला के रामनगर स्थित नर्मदेश्वर नीलकंठ व उत्तरप्रदेश के इंडो नेपाल सीमा पर स्थित अटलाहिया मंदिर में जलाभिषेक करेंगे है। वहीं मंदिर संरक्षण समिति के सदस्यों द्वारा भी यहाँ कड़ी निगरानी के साथ साथ कांवर और श्रद्धालुओं की सुविधा के सामान पेयजल शौचालय वगैरह की मुकम्मल व्यवस्था की गईं है। बतादें की त्रिवेणी संगम तट वाल्मीकिनगर से जलबोझी कर श्रद्धालु व भक्त बाबा भोले नाथ का जलाभिषेक करने और भांग धतूरा चढ़ाने के लिए देश विदेश से वाल्मीकिनगर पहुंच रहे हैं ।

## कावरियों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रात :किरण संवाददाता

परसा।अमनौर विधायक कृष्ण कुमार मंटू सिंह,प्रमुख सबिता देवी तथा नगर पंचायत मुख्य पार्षद ऐशा खातून के सौजन्य से परसा में कावरियों के लिए विश्राम,सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा भोजन की व्यवस्था मंटू सिंह मार्केट में किया गया।मालूम हो कि मुजफ्फरपुर जिला के रेवा घाट योधपर शिव मंदिर तथा अमनौर शिव मंदिर पर जलाभिषेक के लिए पहलेजा से गंगा जल लेकर लौटने के क्रम में कावरियों की व्यवस्था किया गया था।पांच सौ अमनौर कांवरिया तथा 125 योधपुर कांवरिया के ठहरने,विश्राम, मनोरंजन तथा प्रसाद की व्यवस्था विधायक मंटू सिंह द्वारा किया गया था।सभी कांवरिया को प्रसाद खिलाने के उपरांत व्यास विद्या गिरी द्वारा शंकर विवाह प्रसंग तथा बोलबम की भक्ति गीत हमसे भंगिया ना पिसाई ए गणेश के पापा,अबकी हमहू चलम बाबा के नगरीय,अबकी छोड़ के मत जहिअ पिया बोलबम जैसे भक्ति गीत प्रस्तुत किया गया।भक्ति गीत सुन झूम उठे श्रोता,शत्रुघ्न सिंह,लालू बाबा,सत लाल सिंह,अवधेश राय द्वारा सभी कांवरियों को प्रसाद ग्रहण कराया गया।प्रसाद ग्रहण कर सभी कांवरिया की टीम अपने मंदिर के लिए प्रस्थान किया।मालूम हो कि गत कई बर्षो से योधपुर, अमनौर से सैकड़ो कांवरिया सोनपुर के पहलेजा से जलभरी कर सोमबार को जलाभिषेक के लिए जाते है।उन सभी कांवरियों की सुबिधा मंटू सिंह द्वारा परसा में उपलब्ध कराया जाता है।

## नदी में डूबने से 2 बच्चों की मौत

प्रात :किरण संवाददाता

बेतिया मोहन सिंह।गौनाहा थाना क्षेत्र अंतर्गत पंडई नदी में नहाने के दौरान डूब कर दो बच्चों की मौत हो गई, जिसके कारण उसे क्षेत्र में मातम छा गया है। मिली जानकारी के अनुसार बैराटी ग्राम निवासी रिंकू चौधरी का पुत्र कृष कुमार 8 वर्ष एवं धर्मराज यादव की भांजी नेहा कुमारी 9 वर्ष की पंडई नदी में नहाने के क्रम में डूब कर मौत हो गई। पुत्र कृष कुमार को नदी में डूबते देख उसकी मां रीता देवी बचाने गई भी नदी में डूब गई। लेकिन आसपास के लोगों ने मां को भी नदी में डूबता देख किसी प्रकार से बचा लिया। जिसको अचेत अवस्था में इलाज हेतु जी एम सी एच अस्पताल बेतिया ले जाया गया है। सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंचे गौनाहा अंचलाधिकारी ने ग्रामीणों को सहयोग से नदी में डूबे बच्चों का शव बरामद कर पोस्टमार्टम हेतु जीएमसी अस्पताल बिटिया भेज दिया है।



## इस प्रोजेक्ट में पहली बार साथ नजर आएंगे अर्जुन कपूर-खुशी कपूर

अर्जुन कपूर और खुशी कपूर ने इंस्टाग्राम पर दिलचस्प पोस्ट साझा किया और अपने इस क्रिप्टिक पोस्ट से सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी। दोनों ने इस पोस्ट के जरिए किसी नए प्रोजेक्ट की ओर इशारा किया है। दोनों ने एक वीडियो साझा किया, जिसमें एक लाइव आकर्षक साइनबोर्ड है, जिस पर लिखा है, मेरे खुशी अर्जुन आएंगे। इस पोस्ट को खास सिनेमाई अंदाज में डिजाइन किया गया है।

### खुशी-अर्जुन दिखेंगे साथ

रहस्य और रोमांच से भरपूर इस वीडियो में दर्शकों को खास वाक्य के साथ उत्साहित किया गया। वीडियो में लिखा है कि पहले बार अर्जुन कपूर और खुशी कपूर साथ आ रहे हैं। इस वीडियो को देख ऐसा लग रहा है कि दोनों साथ में किसी प्रोजेक्ट के लिए डेब्यू करने वाले हैं और जल्द ही प्रशंसकों को भाई-बहन की यह जोड़ी किसी प्रोजेक्ट में साथ देखने को मिलेगी।

### किस प्रोजेक्ट में नजर आएंगे साथ

हालांकि, इस प्रोजेक्ट का सटीक विवरण अभी तक सामने नहीं आया है, लेकिन वीडियो ने सफलतापूर्वक प्रत्याशा और उत्साह की भावना पैदा कर दी है। खुशी और अर्जुन कपूर पहली बार साथ काम कर रहे हैं, इसलिए प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं कि यह प्रतिभाशाली जोड़ी क्या लेकर आ रही है।

## हिसाब के साथ डकैती की दुनिया रचने की तैयारी में विपुल अमृतलाल शाह

2002 की ब्लॉकबस्टर फिल्म आंखें के लिए मशहूर विपुल अमृतलाल शाह अपनी नई फिल्म हिसाब के लिए तैयार हैं। इस आगामी डकैती वाली फिल्म ने इस बात की उम्मीद और बढ़ा दी है कि फिल्म निर्माता-निर्माता हीस्ट यूनिवर्स बनाने के लिए उत्सुक हो सकते हैं, जिसमें रोमांचकारी बैंक डकैती और धमाकेदार एक्शन का एक नया दौर शामिल होगा। इंडस्ट्री के एक सूत्र के अनुसार, आंखें के बाद, विपुल अमृतलाल शाह ने एक और डकैती वाली फिल्म, हिसाब के साथ आने से पहले काफी समय तक इंतजार किया। हमने यह भी सुना है कि वह डकैती पर कुछ और स्क्रिप्ट पढ़ रहे हैं, जो इस फिल्म के बाद अगली फिल्म होगी। जब डकैती की बात आती है तो विपुल के पास बड़ी योजनाएँ हैं। जैसे-जैसे मनोरंजन उद्योग जासूसी थ्रिलर से लेकर पुलिस ड्रामा और कॉमेडी-हॉरर तक अपनी शैलियों के ब्रह्मांड का विस्तार कर रहा है, डकैती की शैली के भी इस दायरे में शामिल होने की उम्मीद है। इन सूत्रों ने खुलासा किया कि हिसाब के साथ, विपुल अमृतलाल शाह संभावित रूप से एक हीस्ट यूनिवर्स बना रहे हैं जिसका उद्देश्य दुनिया भर में इस शैली के प्रशंसकों को लुभाना है। सूत्रों ने बताया कि 2002 में अपनी डकैती थ्रिलर आंखें की सफलता के बाद, उसी को फिर से बनाने के उद्देश्य से और साथ ही इस विरासत को जारी रखने की इच्छा के साथ, विपुल अमृतलाल शाह इस शैली को एक ब्रह्मांड के रूप में तलाशना चाहते हैं। फिल्म की बात करें तो इसमें मशहूर अभिनेता जयदीप अहलावत के साथ लोकप्रिय अभिनेत्री और विपुल की पत्नी शेफाली शाह भी होंगी।





## सामंथा ने साझा किए 'सिटाडेल- हनी बनी' के अनुभव

वरुण धवन और सामंथा रुथ प्रभु की सीरीज 'सिटाडेल- हनी बनी' की जब से घोषणा हुई है, प्रशंसक इसके रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वहीं, इसके टीजर ने उत्साह को और भी बढ़ा दिया है। टीजर के साथ यह भी पता चला की सीरीज इस साल नवंबर में रिलीज होगी। अब सीरीज के प्रचार के दौरान साउथ अभिनेत्री सामंथा ने वरुण धवन के साथ काम करने के अपने अनुभवों को साझा किया।

### वरुण को सामंथा के काम ने किया प्रेरित

हाल ही में, सामंथा और वरुण की सीरीज का टीजर सामने आया। दोनों को जबरदस्त एक्शन भूमिकाओं में देखा गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक सीरीज से जुड़ी तैयारियों पर बात करते हुए वरुण ने कहा कि उनकी तैयारी सामंथा की तुलना में आसान थी। अभिनेता ने कहा, 'मुझे लगता है कि यह सार्वजनिक रूप से सबको पता है कि जब वह शो में आई थीं तो वह किससे जूझ रही थी। आप जानते हैं कि जब मैंने रिहर्सल करना शुरू किया तो मुझे लगा कि मेरे लिए यह मुश्किल था, लेकिन जब मैंने इनके काम करने के तरीके को देखा तो उसने मुझे वास्तव में प्रेरित किया। वरुण के तारीफ करने के बाद सामंथा ने अपने सहयोग को साझेदारी बताया और कहा, यह एक साझेदारी थी, जैसे जब हम एक्शन करते थे, तो यह वास्तव में एक नृत्य की तरह लगता था। यह एक्शन रोमांटिक गीत की तरह लगा, क्योंकि इसमें बहुत अधिक तालमेल था। मेरे पास इतना तालमेल पहले कभी नहीं था क्योंकि राज और डीके राज और डीके हैं, उन्हें लंबे शॉट पसंद हैं, वे कट नहीं कहते। वरुण की प्रशंसा करते हुए, सामंथा ने कहा, जब से वह उठते हैं, उनके मन में केवल एक ही विचार होता है और वह यह कि मैं इस दृश्य को बेहतर कैसे करूं? वह हमेशा इस बात पर ध्यान केंद्रित करते हैं कि वह अपना काम बेहतर कैसे कर सकते हैं।'

### सेट पर खुशनुमा रहते हैं वरुण

सामंथा ने कहा कि वरुण धवन उन सबसे अच्छे इंसानों में से एक हैं जिनसे वह कभी मिली हैं। उन्होंने उनके अद्भुत हास्य और सेट पर सभी को खुश रखने के बारे में बात की। उन्होंने कहा, 'वह हमेशा मुस्कुराते रहते हैं, कभी भी कोई बुरा दिन नहीं होता। उनके आस-पास हर कोई बहुत अच्छा है।'



## बिग बॉस ओटीटी 3 विनर सना मकबूल ने कहा, मैंने अपना फोकस नहीं खोया

मैं बस ट्रॉफी जीतने आई हूं... ये वह डायलॉग है, जो बिग बॉस ओटीटी 3 में सबसे ज्यादा सुनाई दिया। कंटेस्टेंट सना मकबूल शो के पहले दिन से ही यह बोलती आई कि मुझे जीतना है और आखिरकार उन्होंने अपने इस जुनून को पूरा कर दिया और इस सीजन की ट्रॉफी अपने नाम की। बिग बॉस ओटीटी 3 सना ने रैपर नैजी को हराकर जीता। विनर के तौर पर उन्हें 25 लाख रुपए मिले। जीतने के बाद, एक्ट्रेस ने शो में अपने सफर को लेकर बात की। उन्होंने कहा, पहले दिन से ही मैं बहुत क्लीयर और फोकस्ड थी कि मुझे ट्रॉफी जीतना है। लोगों ने मेरे बारे में बहुत कुछ कहा, लेकिन मैंने अपना फोकस नहीं खोया। मुझे लगता है कि अगर किसी चीज को लेकर आपके मन में जुनून हो, तो वह पूरी होकर रहती है। आखिरकार, मैं यहां हूं। लवकेश, विशाल और शिवानी के साथ अपनी दोस्ती के बारे में बात करते हुए सना ने कहा, मैं जल्दी रिश्ते नहीं बनाती। मेरा मानना है कि आप रियलिटी शो में दोस्त नहीं बनाते, लेकिन मैंने यहां दोस्त बनाए। लवकेश, विशाल और शिवानी हमेशा मेरे दोस्त रहेंगे। सना ने अपने करियर की शुरुआत एक विज्ञापन से की थी, इसके लिए उन्हें 10 हजार रुपये मिले। इसके बाद वह 2009 में रियलिटी शो एमटीवी स्कूटी टीन डीवा में नजर आई। उन्होंने 2012 में फेमिना मिस इंडिया प्रतियोगिता में भी हिस्सा लिया और फेमिना मिस ब्यूटिफुल स्माइल का टाइटल जीता। वह म्यूजिकल सीरीज में भी दिखीं। साथ ही उन्होंने कई साउथ फिल्मों में भी काम किया। लेकिन लोकप्रियता उन्हें स्टार प्लस के सबसे चर्चित टीवी शो इस प्यार को क्या नाम दूं से मिली, जिसमें उन्होंने लावण्य का किरदार निभाया। उन्हें सोनी सब के आदत से मजबूर और कलर्स टीवी के विष में भी देखा गया था। वह खतरों के खिलाड़ी 11 में आई और सेमीफाइनल तक पहुंची। इसके अलावा, उन्होंने कितनी मोहब्बत है 2 और अर्जुन में भी काम किया। अब वह बिग बॉस ओटीटी 3 की विनर बनकर उभरी। शो जियो सिनेमा प्रीमियम पर स्ट्रीम हो रहा था।





## उलझ ने पहले दिन कमाए 1 करोड़, पिछले दो सालों में जाह्नवी की सबसे कमजोर फिल्म

उलझ ने पिछले दो सालों में जान्हवी कपूर अभिनीत किसी भी फिल्म के लिए सबसे कम ओपनिंग ली है। फिल्म ने भारत में बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन 1.10 करोड़ रुपये की कमाई की। व्यापक प्रचार के बावजूद, थ्रिलर अपने पहले दिन सिनेमाघरों में पर्याप्त दर्शकों को आकर्षित नहीं कर सकी। फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर औरों में कहां दम था से टक्कर मिल रही थी, जिसने बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन 2 करोड़ रुपये की कमाई की थी। यह जान्हवी की मुख्य भूमिका वाली किसी फिल्म की लंबे समय में सबसे कम ओपनिंग थी। उनकी पिछली फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही, जिसमें राजकुमार राव भी थे, ने इस साल की शुरुआत में मिश्रित समीक्षाओं के बावजूद 6.75 करोड़ रुपये की ओपनिंग की थी। उलझ एक जटिल शैली की फिल्म है और एडवांस बुकिंग से बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा। हालांकि, जिन दर्शकों ने इस फिल्म को देखा है वे इसकी तारीफ करते नजर आ रहे हैं। सुधांशु सरिया द्वारा निर्देशित इस फिल्म को आलोचकों और दर्शकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली है और इसका असर निश्चित रूप से इसके वीकेंड कारोबार पर नजर आएगा। उम्मीद की जा रही है कि शनिवार और रविवार को इसके कारोबार में उछाल आएगा और उलझ पहले वीकेंड पर बॉक्स ऑफिस पर 5 करोड़ के आसपास कारोबार करने में सफल हो जाएगी।

उलझ को हॉलीवुड फिल्म डेडपूल और वूल्वरिन से भी कड़ी टक्कर मिल रही है, जिसे मार्वल के हार्ड कोर दर्शकों ने जबरदस्त सफलता दिलाने में मदद कर है। यह मार्वल की 34वीं फिल्म है और उम्मीद की जा रही है कि यह अपने दूसरे वीकेंड में भी बॉक्स ऑफिस पर कमाल करेगी।

इसके अतिरिक्त उलझ को अमिताभ बच्चन की कल्कि 2898 एडी से भी कड़ा मुकाबला करना पड़ रहा है। दर्शकों में अभी भी इस फिल्म का क्रेज खत्म नहीं हुआ है, जो बॉक्स ऑफिस पर उलझ के कारोबार को प्रभावित कर रहा है।



## आरसी 17 की स्क्रिप्ट लगभग पूरी, इस दिन से शुरू होगी राम चरण की फिल्म की शूटिंग!

राम चरण इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म गेम चेंजर को लेकर चर्चा में बने हुआ हैं। उनके बाद अन्य कई फिल्में भी कतार में हैं, जिसका दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हाल ही में यह राम चरण ने अपनी नई फिल्म आरसी 17 के लिए निर्देशक सुकमार के साथ फिर से जुड़ेंगे। सुकुमार ने पोस्ट साझा करते हुए फिल्म की आधिकारिक घोषणा भी की थी। वहीं अब इस फिल्म को लेकर सोशल मीडिया पर नई जानकारियां सामने आई हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, सुकुमार के साथ राम चरण की फिल्म की शूटिंग अगले कुछ हफ्तों में शुरू हो जाएगी। सुकुमार-राम चरण की इस फिल्म को भी बड़े ही शानदार तरीके से लॉन्च किया गया था। वहीं अब इस फिल्म को लेकर ताजा जानकारी यह है कि इसकी स्क्रिप्ट का काम लगभग पूरा होने वाला है। वहीं बात करें राम चरण की आने वाली फिल्मों के बारे में तो गेम चेंजर के साथ अभिनेता के पास आरसी 16 भी है। कुछ दिन पहले अभिनेता ने अपनी नई फिल्म आरसी 16 के पूजा समारोह के बाद जान्हवी कपूर के साथ तस्वीरें साझा की थीं। इस फिल्म का निर्देशन बुच्ची बाबू सना कर रहे हैं। इस फिल्म के जरिए जान्हवी कपूर और राम चरण पहली बार साथ काम कर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है।

### फिल्म में अलग अवतार में नजर आएंगे राम चरण

खबर है कि सुकुमार के लेखन विभाग में लेखकों की एक टीम शामिल हो गई है और उन्होंने राम चरण के लिए एक बेहतरीन भूमिका लिखी है। खबर यह भी है कि सुकुमार ने इस फिल्म में राम चरण के लिए एक क्रेजी लुक तैयार किया है। यह फिल्म एक एक्शन ड्रामा है और इसे बड़े पैमाने पर बनाया जाएगा। खबर यह भी है कि इस फिल्म को भी दो भागों में बनाया जाएगा, लेकिन निर्माताओं के मुताबिक यह सिर्फ एक भाग वाली फिल्म है।

## स्टार पावर को लेकर बॉलीवुड पर भड़के अनुराग कश्यप, दक्षिण भारतीय फिल्मों को बताया बेहतर

**निर्देशक और अभिनेता अनुराग कश्यप ने बॉलीवुड में स्टार पावर पर जोर दिए जाने को लेकर अपने विचार साझा किए हैं। अनुराग अक्सर संवेदनशील मुद्दों पर अपनी राय बड़ी ही बेबाकी से रखते हैं। उन्होंने कहा कि यह एक प्रमुख कारण है कि दक्षिण भारतीय फिल्म उद्योग बॉलीवुड से बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। कश्यप ने हाल ही में रिलीज हुई फिल्मों की तारीफ करते हुए कहा कि बॉलीवुड अक्सर प्रामाणिक कहानी कहने की तुलना में स्टार पावर को प्राथमिकता देता है।**

### स्टार पावर को महत्व देता है बॉलीवुड

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अनुराग कश्यप ने फहाद फाजिल अभिनीत फिल्म 'आवेशम' की प्रशंसा की और कहा कि फिल्म के निर्माता महत्वपूर्ण भूमिकाओं में तीन प्रभावशाली लोगों को कास्ट करने में साहसी थे। उन्होंने आगे कहा कि बॉलीवुड में, वह इन भूमिकाओं को बड़े सितारों से भर देते हैं, वास्तविक कहानी बताने के बजाय स्टार पावर पर ज्यादा जोर देते हैं।

### इन फिल्मों की प्रशंसा की

अनुराग कश्यप ने कहा कि बॉलीवुड अक्सर दोहराए जाने वाले फार्मूलों पर काम करता है, लेकिन बॉक्स से बाहर निकलने पर असाधारण फिल्में बन सकती हैं। अनुराग ने पिछले साल आई फिल्म '12वीं फेल' और 'लापता लेडीज' की प्रशंसा करते हुए कहा कि मौलिकता ही उनकी सफलता की कुंजी है। उन्होंने एक्शन ड्रामा फिल्म 'किल' की भी प्रशंसा की।

### पहले भी कर चुके हैं आलोचना

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एक पुराने साक्षात्कार में फिल्म निर्माता-अभिनेता ने बॉलीवुड पर पैसे बर्बाद करने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था, 'बहुत सारा पैसा जो खर्च किया जाता है, वह फिल्म बनाने में नहीं जाता है। यह पैसे साज-सज्जा और दल-बल पर खर्च होता है।' उन्होंने जोर देते हुए कहा था कि फिल्म निर्माण एक गंभीर उपक्रम है, जिसमें कड़ी मेहनत और रचनात्मकता शामिल है, न कि केवल एक आरामदेह गतिविधि। उन्होंने बताया था कि बजट का एक बड़ा हिस्सा उपकरणों और सहायक कर्मचारियों पर खर्च किया जाता है।



# ओलंपिक मुक्केबाजी की विवादित स्कोरिंग ने निशांत से छीना पदक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मुक्केबाजी में विजेता का फैसला एक दूसरे पर घूंसों की बरसात से होता है लेकिन इसकी स्कोरिंग प्रणाली आज तक किसी को समझ में नहीं आई और ताजा उदाहरण पेरिस ओलंपिक में भारत के निशांत देव का क्वार्टर फाइनल मुकाबला है। निशांत 71 किलोवर्ग के क्वार्टर फाइनल में दो दौर में बढत बनाने के बाद मैक्सिको के मार्को वेरडे अलवारेज से 1-4 से हार गए तो सभी हैरान रह गए। हर ओलंपिक में यह बहस होती है कि आखिर जज किस आधार पर फैसला सुनाते हैं। निशांत का मामला पहला नहीं है और ना ही आखिरी होगा। लॉस एंजिलिस में 2028 ओलंपिक में मुक्केबाजी का होना तय नहीं है और इस तरह की विवादित स्कोरिंग से मामला और खराब हो रहा है। तोक्यो ओलंपिक 2020 में एम सी मेरीकोम प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबला हारने के बाद रिंग से मायूसी में बाहर निकली थी क्योंकि उन्हें जीत का यकीन था। उन्होंने उस समय कहा था, 'सबसे खराब बात यह है कि कोई रिव्यू या विरोध नहीं कर सकते। मुझे यकीन है कि दुनिया ने इसे देखा होगा। इन्होंने हद कर दी है। निशांत के हारने के बाद कल पूर्व ओलंपिक कांस्य पदक विजेता विजेंदर सिंह ने एक्स पर लिखा, 'मुझे नहीं पता कि स्कोरिंग प्रणाली क्या है लेकिन यह काफी करीबी मुकाबला था। उसने अच्छा खेला। कोई ना भाई। अमैच्योर मुक्केबाजी की स्कोरिंग प्रणाली बीतें बरसों में इस तरह बदलती आई है और धीरे धीरे जजों ने अपनी विश्वसनीयता खो दी।

## सियोल ओलंपिक, 1988

रोम ओलंपिक 1960 में कई अधिकारियों को एक बाउट में विवादित फैसले के बाद अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने बाहर कर दिया। इसके बावजूद सियोल ओलंपिक में खुलेआज 'लूट' देखी गई जब अमेरिका के रॉय जोंस जूनियर ने कोरिया के पार्क सि हुन पर 71 किलोवर्ग में स्वर्ण पदक



के मुकाबले में 86 घूंसे बरसाए और सिर्फ 36 घूंसे खाए। इसके बावजूद कोरियाई मुक्केबाज को विजेता घोषित किया गया। जोंस बाद में विश्व चैम्पियन भी बने लेकिन उस हार को भुला नहीं सके।

## 1992 बार्सीलोना ओलंपिक में कम्प्यूटर स्कोरिंग

अमैच्योर मुक्केबाजी की विश्व नियामक ईकाई ने लगातार हो रही आलोचना के बाद 1992 बार्सीलोना ओलंपिक में स्कोरिंग प्रणाली में बदलाव किया। इसके अधिक पारदर्शी बनाने के लिए पांच जजों को लाल और नीले बटन वाले कीपैड दिए गए। उन्हें सिर्फ बटन दबाना था। इसमें स्कोर लाइव दिखाए जाते थे ताकि दर्शकों को समझ में आता रहे। बाद में शिकायत आने लगी कि इस प्रणाली से मुक्केबाज अधिक रक्षात्मक खेलने लगे हैं और उनका फोकस सीधे घूंसे बरसाने पर रहता है। इसके बाद 2011 में तय किया गया कि पांच में से तीन स्कोर का औसत अंतिम फैसला लेने के लिए प्रयोग किया जायेगा। स्कोर को लाइव दिखाना भी बंद कर दिया गया। अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ ने 2013 में पेशेवर शैली में 10 अंक की स्कोरिंग प्रणाली अपनाई जिसमें मुक्केबाज का आकलन आक्रमण के साथ रक्षात्मक खेल पर भी किया जाने लगा।

## रियो ओलंपिक 2016 में माइकल कोनलान ने निकाला गुस्सा

बेंटमवेट विश्व चैम्पियन कोनलान ने क्वार्टर फाइनल में पूरे समय दबदबा बनाए रखा लेकिन उन्हें विजेता घोषित नहीं किया गया। वह गुस्से में बरसते हुए रिंग से बाहर निकले। एआईबीए ने उन पर निलंबन भी लगा दिया था। पांच साल बाद एआईबीए के जांच आयोग ने खुलासा किया कि रियो ओलंपिक 2016 में पक्षपातपूर्ण फैसले हुए थे। कुल 36 जजों को निलंबित कर दिया गया लेकिन उनके नाम नहीं बताए गए। कोनलान ने उस समय ट्वीट किया था, 'तो इसका मतलब है कि मुझे अब ओलंपिक पदक मिलेगा। अभी तक उनके इस सवाल का किसी के पास जवाब नहीं है।

## पेरिस ओलंपिक 2024

# पारुल 3000 मीटर स्टीपलचेज हीट रेस में 8वें स्थान पर रहीं




**पेरिस (एजेंसी)।** महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज में राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक पारुल चौधरी रविवार को यहां पेरिस ओलंपिक में हीट रेस में आठवें स्थान पर रहने के बाद फाइनल राउंड के लिए क्वालीफाई करने में विफल रहीं। 29 वर्षीय पारुल ने 9 मिनट 23.39 सेकंड में दूरी पूरी की, जो उनका सीजन का सर्वश्रेष्ठ समय था, लेकिन 2023 बुडापेस्ट विश्व चैंपियनशिप में उनके राष्ट्रीय रिकॉर्ड 9~15.31 से काफी कम था। तीनों हीट रेस में से प्रत्येक में शीर्ष-पांच फाइनल के लिए क्वालीफाई करते हैं। मौजूदा ओलंपिक चैंपियन युगांडा के पेरुथ चेमुताई ने 9~10.51 के साथ हीट नंबर एक जीता, जबकि केन्या के फेथ चेरोटिच (9~10.57) और जर्मनी के गेसा फेलिसिटास क्राउसे (9~10.68) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। इससे पारुल का अभियान समाप्त हो गया जो अंकिता ध्यानी के साथ महिलाओं की 5000 मीटर दौड़ के लिए भी क्वालीफाई करने में विफल रही थी।

पारुल ने 9~23.00 के प्रवेश मानक को पार करने के बाद 3000 मीटर स्टीपलचेज अपने पसंदीदा इवेंट के लिए सीधे योग्यता प्राप्त की थी। ललिता बाबर 2016 रियो ओलंपिक में अंतिम दौर के लिए क्वालीफाई करने वाली एकमात्र भारतीय महिला 3000 मीटर स्टीपलचेजर थीं, जहां वह अंततः 10वें स्थान पर रहीं।

# जूलियन अल्फ्रेड बनी पेरिस ओलंपिक की फर्राटा क्वीन

**सेंट डेनिस (फ्रांस)(एजेंसी)।** सेंट लूसिया की जूलियन अल्फ्रेड ने प्रबल दावेदार शाकैरी रिचर्डसन को पीछे छोड़कर महिलाओं की 100 मीटर दौड़ का स्वर्ण पदक जीता और इस तरह से पेरिस ओलंपिक खेलों की फर्राटा क्वीन बनने का गौरव हासिल किया। अल्फ्रेड ने 10.72 सेकंड में दौड़ पूरी करके अपने देश को ओलंपिक का पहला स्वर्ण पदक दिलाया। अमेरिका की रिचर्डसन 10.87 सेकंड का समय लेकर दूसरे जबकि अभ्यास में उनकी साथी मेलिसा जेफरसन 10.92 सेकेंड के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। सेंट लूसिया की एथलीट को जमैका की शेली एन फ्रेजर प्राइस के सेमीफाइनल से ठीक पहले हट जाने का भी फायदा मिला। ओलंपिक में 100 मीटर की दौड़ सबसे प्रतिष्ठित दौड़ मानी जाती है।

# दो बार की ओलंपिक चैंपियन फ्रेजर चोट के कारण 100 मीटर दौड़ से हटी

**सेंट डेनिस (फ्रांस) (एजेंसी)।** ओलंपिक में महिलाओं की 100 मीटर दौड़ में दो बार की स्वर्ण पदक विजेता शेली एन फ्रेजर प्राइस अज्ञात चोट के कारण पेरिस ओलंपिक खेलों की इस स्पर्धा से हट गई हैं। जमैका की फ्रेज़र प्राइस ने सेमीफाइनल से पहले हटने का फैसला किया। ओलंपिक अधिकारियों के अनुसार उनकी चोट अज्ञात है। टीम मैनेजर लुडलो वॉट्स ने जमैका ऑब्जर्वर से कहा, 'हमें केवल इतनी जानकारी मिली है कि वह चोटिल है। टीम का एक डॉक्टर उनकी स्थिति पर नजर रखे हुए है। फ्रेजर प्राइस ने बीजिंग ओलंपिक 2008 और लंदन ओलंपिक 2012 में 100 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने कहा था कि यह उनका पांचवा और अंतिम ओलंपिक होगा। उन्होंने रविवार को सोशल मीडिया पर जारी अपनी पोस्ट में अपने समर्थकों का आभार व्यक्त किया लेकिन अपनी चोट के बारे में खास जानकारी नहीं दी।

# शूटिंग में बढ़ रही भारतवासियों की रुचि, पिचले 20 सालों में एक तिहाई मेडल निशानेबाजी में

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने पेरिस ओलंपिक खेलों में अब तक तीन पदक जीते हैं और तीनों पदक भारत शूटिंग में मिले हैं। शूटिंग में भारतवासियों की दिलचस्पी बढ़ रही है और इसकी शुरूआत साल 2004 के ओलिंपिक खेलों में राज्यवर्धन सिंह राठौर ने की जब उन्होंने निशानेबाजी में पदक जीता। पिछले 4 ओलिंपिक खेलों से निशानेबाजी पदकों की सबसे बड़ी उम्मीद रहे हैं और भारत को खुशनुमा परिणाम भी मिले हैं। साल 2004 से भारत ने ओलिंपिक में कुल 22 पदक जीते हैं, जिनमें से 7 पदक, यानी एक तिहाई से सिर्फ एक कम अकेले निशानेबाजी में मिले हैं।

**ओलिंपिक में भारत** - भारत ने ओनिफिक में अब तक सखेलों में 38 पदक जीते हैं। इनमें सबसे ज्यादा 12 पदक हॉकी में मिले हैं। दूसरे नंबर पर भारत को 7-7 पदक शूटिंग और कुश्ती में मिले हैं। कुश्ती में भारत को पहला पदक 1952 में मिल गया था, जबकि शूटिंग की शुरुआत ही 2004 में हुई थी। पिछले 5 ओलिंपिक खेलों में देश की सबसे ज्यादा ग्रोथ निशानेबाजी में हुई है। फिलहाल हॉकी, शूटिंग और एथलेटिक्स ही ऐसे खेल है, जिनमें भारत के पास कम से कम एक गोल्ड है। ओलिंपिक, वर्ल्ड कप, वर्ल्ड चैम्पियनशिप, एशियन गेम्स और कॉमनवेल्थ जैसे मेजर शूटिंग इवेंट्स में भारत 150



गोल्ड और कुल 400 मेडल जीत चुका है।

**तेजी से बढ़ रही शूटिंग खिलाड़ियों की संख्या** -आंकड़ों के मुताबिक साल 2016 में हुई 60वीं नेशनल शूटिंग चैम्पियनशिप के राइफल और पिस्टल इवेंट में कुल 4575 शूटर्स ने हिस्सा लिया था। वहीं मौजूदा समय में नेसनल राइफल एसोसिएशन के पास रजिस्टर्ड शूटर्स की संख्या कुल 35,150 है। भोपाल स्थित एसोसिएशन की शूटिंग रेंज के स्थानीय कोच जफवर्धन सिंह चौहान के मुताबिक के रिपोर्ट में कहा गया है कि साल 2023 में 66वीं नेशनल प्रतियोगिता में अकेले फिफटल में ही 5 हजार से अधिक निशानेबाज पहुंचे थे।

**इसलिए बढ़ रही खिलाड़ियों की रुचि** - जयवर्धन के मुताबिक इस खेल में पारदर्शिता के कारण खिलाड़ी अधिक रुचि दिखा रहे हैं। यह व्यक्तिगत खेल है जिसमें हर खिलाड़ी का स्कोर कंप्यूटर में रिकॉर्ड होता है। इसके अलावा नेशनल टीम में अंदर-बाहर होने के लिए खिलाड़ियों को कम से कम स्कोर का क्राइटेरिया विभिन्न नेशनल टूनमिंट में पूरा करना होता है। यह स्कोर पूरा होने पर टीम में जगह मिल जाती है, स्कोर कम होने पर टीम से ड्रॉप हो जाते हैं।

**भारत में पिछले 5 सालों में हुए तीन वर्ल्ड कप** - देश में अब तक 53 मान्यता प्रप्त स्टेट यूनिट और एसोसिएशन हैं और 5 हजार से ज्यादा शूटिंग रेंज का नेटवर्क है जहां जिला स्तर से नेशनल लेवल तक की ओपन प्रतियोगिताएं होती रहती हैं। साल 2019 के बाद से भारत में 3 आईएसएसएफ वर्ल्ड कप हो चुके हैं। इनमें दो दिल्ली और एक भोपाल में हुआ है।

# खेलो इंडिया से कुछ नहीं होगा, एनआरएआई के तहत हो जूनियर कार्यक्रम : रनिंदर, जसपाल



**शेटराउ (एजेंसी)।** अनुभवी प्रशासक रनिंदर सिंह और मशहूर कोच जसपाल राणा समेत भारतीय निशानेबाजी समुदाय ने शनिवार को कहा कि खेलो इंडिया परियोजना से कुछ हासिल नहीं हो रहा और राष्ट्रीय महासंघ के अधीन जूनियर कार्यक्रम फिर शुरू होना चाहिए। केंद्र सरकार के खेलो इंडिया खेल का मार्ग प्रशस्त करने के लिये भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) जूनियर कार्यक्रम को बंद कर दिया गया था।

पेरिस ओलंपिक में दो कांस्य जीतने वाली मनु भाकर समेत कई निशानेबाजों को लंबे अनुभव का फायदा मिला है। लेकिन जसपाल और रनिंदर जैसे विशेषज्ञों का मानना है कि अगर विकास कार्यक्रम का पूरा नियंत्रण महासंघ को नहीं दिया गया तो लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहेगा। रनिंदर ने कहा कि अगर आपको लॉस एंजिलिस के लिए टीम चाहिये तो मेरा जूनियर कार्यक्रम वापिस कीजिए। एनआरएआई को इसे चलाने दीजिए। फिर इसे खेलो इंडिया कहिए या कुछ और। लेकिन अगर सरकार चलाती रही तो हमारे पास लॉस एंजिलिस के लिए टीम नहीं होगी।

उन्होंने कहा कि खेलो इंडिया से कुछ नहीं मिल रहा। राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय किसी भी स्तर पर। उन्होंने कहा कि निशानेबाजी में अगर आपको खिलाड़ी को तैयार करना है और उसे रोज 1000 कारतूस नहीं चाहिए। उसे रोजाना 100 कारतूस दिए जाते हैं और उसके प्रदर्शन पर नजर रखी जाती है। भारत में हर कोई कोच है। पूर्व राष्ट्रीय कोच और मनु के निजी कोच जसपाल ने कहा कि मैं पूरी तरह से सहमत हूं। खेलो इंडिया जूनियर कार्यक्रम ही है। बस सब कुछ महासंघ के हाथ से लेकर इसे खेलो इंडिया बना दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह कैसे संभव है कि एक साल के भीतर खेलो इंडिया से पदक मिलने लगे। क्योंकि आपने सर्वश्रेष्ठ को चुना लेकिन उन्हें तैयार करने में 8 साल लगे हैं। जूनियर कार्यक्रम फिर शुरू होना चाहिए।




# वानिंदु हसरंगा भारत के खिलाफ वनडे श्रृंखला से बाहर, जेफरी वांडरसे को श्रीलंका टीम में मिली जगह

**कोलंबो (एजेंसी)।** श्रीलंका के ऑलराउंडर वानिंदु हसरंगा हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण भारत के खिलाफ चल रही तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। हसरंगा पहले वनडे में अपने अंतिम ओवर के दौरान असहज महसूस कर रहे थे। हसरंगा की जगह जेफरी वांडरसे को टीम में शामिल किया गया है लेकिन उनके बाहर होने से श्रीलंका का गेंदबाजी आक्रमण कमजोर हो गया है क्योंकि मथीशा पथिराना, दिलशान मदुशंका, दुष्मंथा चमीरा और नुवान तुषारा चोटिल होने के कारण पहले ही बाहर हैं। श्रीलंका क्रिकेट ने विज्ञप्ति में कहा, 'वानिंदु हसरंगा बाई हैमस्ट्रिंग में चोट के कारण एक दिवसीय श्रृंखला के बाकी मैचों में नहीं खेल पाएंगे। उनकी जगह जेफरी वांडरसे को टीम में लिया गया है। भारत और श्रीलंका के बीच तीसरा और अंतिम वनडे इसी मैदान पर सात अगस्त को खेला जाएगा।

# नीरज चोपड़ा ने ओलंपिक्स में जीता गोल्ड तो सभी को मिलेगा मुफ्त वीजा

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने अभी तक पेरिस ओलंपिक खेलों में अभी तक तीन पदक जीते हैं और तीनों ही कांस्य पदक हैं। भारत की उम्मीदें नीरज चोपड़ा से बनी हुई हैं जिन्होंने टोक्टो ओलंपिक खेलों में भारत को एथलेटिक्स में पहला गोल्ड दिलाया था। इस बार भी उनके गोल्ड की उम्मीदें हैं। ऐसे में एटलीज के संस्थापक मोहक नाहटा ने लिंक्डइन पर यह वादा किया है कि अगर चोपड़ा पोडियम पर शीर्ष स्थान हासिल करते हैं, तो एटलीज अपने सभी उपयोगकर्ताओं को मुफ्त वीजा प्रदान करेगा। यह ऑफर एक दिन के लिए होगा।

इसका मतलब है कि कोई भी व्यक्ति, चाहे वह किसी भी राष्ट्रीयता का हो, बिना किसी लागत के किसी भी देश के लिए वीजा के लिए आवेदन कर सकता है। लिंक्डइन पर नाहटा ने पोस्ट किया, अगर नीरज चोपड़ा ओलंपिक में स्वर्ण जीतते हैं तो मैं व्यक्तिगत रूप से सभी को मुफ्त वीजा भेजूंगा। चलो चलें

नाहटा ने स्पष्ट किया कि मुफ्त वीजा सभी देशों के लिए दिए जाएंगे और आवेदक को इसके लिए बिल्कुल भी खर्च नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा, 30 जुलाई को, मैंने सभी से वादा किया था कि अगर नीरज चोपड़ा स्वर्ण जीतते हैं तो उन्हें मुफ्त वीजा दिया जाएगा। चूंकि आप में से बहुत से लोगों ने विवरण मांगा है, तो यहां बताया गया है कि यह कैसे काम करेगा = नीरज चोपड़ा 8 अगस्त को पदक के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। यदि वह स्वर्ण पदक जीतते हैं, तो हम सभी उपयोगकर्ताओं को एक पूरे दिन के लिए एक निःशुल्क वीज़ा प्रदान करेंगे।




क्या हम आपसे कोई शुल्क लेंगे? आपके वीजा की लागत शून्य होगी - यह पूरी तरह से हम पर निर्भर है। इस ऑफर के अंतर्गत कौन से देश शामिल हैं? सभी देश - चुनें कि आप अगली बार कहां यात्रा करना चाहते हैं, इस ऑफर का लाभ उठाने के लिए आपको क्या करना होगा? अपना ईमेल नीचे कमेंट्स में छोड़ें और हम आपके लिए निःशुल्क वीजा क्रेडिट के साथ एक खाता बनाएंगे।

**यूजर्स की प्रतिक्रियाएं** - यह पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। एक यूजर ने लिखा, चलो नीरज!!!! हैशटैगस मुझे यूरोप की यात्रा करना अच्छा लगेगा। एक यूजर ने लिखा, उम्मीद है कि यह काम करेगा!!

**क्या है एटलीस** - एटलीस एक यात्रा वीजा और आपके यात्रा गंतव्य के बारे में नवीनतम जानकारी प्रदान करता है। कंपनी वीजा और अन्य आवश्यक यात्रा दस्तावेज प्राप्त करना आसान बनाती है। इसका ऐप यात्रियों को वीजा आवेदन, आवश्यक अपॉइंटमेंट शेड्यूल करने, घर पर पासपोर्ट फोटो लेने और भविष्य में उपयोग के लिए यात्रा दस्तावेज और जानकारी सुरक्षित रूप से संग्रहीत करने में सक्षम बनाता है। इसके अतिरिक्त, एटलीस विभिन्न देशों में पर्यटकों के लिए प्रमुख प्रतिबंधों और आवश्यकताओं की निगरानी करता है।

# दिल्ली प्रीमियर लीग के पहले संस्करण के लिए आयोजित प्लेयर्स ड्राफ्ट में

## ऋषभ पंत, इशांत शर्मा और हर्षित राणा टीमों की पहली पसंद रहे

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली प्रीमियर लीग के पहले संस्करण के लिए शुक्रवार शाम को आयोजित प्लेयर्स ड्राफ्ट में ऋषभ पंत, इशांत शर्मा, यश ढुल, आयुष बदोनी, अनुज रावत और हर्षित राणा की सबसे अधिक मांग रही और ये दिन के प्रमुख खिलाड़ी बनकर उभरे। ओल्ड दिल्ली 6 ने विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत और तेज गेंदबाज इशांत शर्मा को अपने साथ जोड़ा जबकि नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स ने हर्षित राणा को और सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने यश ढुल को अपनी टीम में शामिल किया।

ड्राफ्ट में दिल्ली भर के 270 क्रिकेटर शामिल थे, जिनमें भारत, आईपीएल, राष्ट्रीय और अंडर-19 टीमों में खेलने वाले खिलाड़ी शामिल थे। ओल्ड दिल्ली 6 ने विस्फोटक विकेटकीपर ऋषभ पंत और अनुभवी इशांत शर्मा के इर्द-गिर्द एक मजबूत टीम बनाई। फ्रैंचाइजी ने ऑलराउंडर ललित यादव की सेवाएँ भी लीं, जो दिल्ली कैपिटल्स के साथ खेलकर लौटे हैं। इसके अलावा ओल्ड दिल्ली ने बल्लेबाजी ऑलराउंडर शिवम शर्मा को भी अपने साथ जोड़ा। यही नहीं, ओल्ड दिल्ली 6 ने 20 वर्षीय सलामी बल्लेबाज और ऑफ स्पिनर अर्पित राणा और दाएं हाथ के तेज गेंदबाज प्रिंस यादव को भी अपने साथ जोड़ा।

वेस्ट दिल्ली लायंस ने अपनी पहली पसंद के रूप में मुंबई इंडियंस के चतुर खिलाड़ी रितिक शौकीन को चुना, जबकि तेजतर्रार नवदीप सैनी को टीम ने अपनी अगली पसंद के तौर पर चुना। मध्यक्रम के बल्लेबाज देव लाकड़ा, गेंदबाजी ऑलराउंडर दीपक पुनिया और ऑफ स्पिनर शिवांक वशिष्ठ भी टीम की पहली पांच पसंदीदा



खिलाड़ियों में शामिल थे।

नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स ने तेज गेंदबाजों को प्राथमिकता देते हुए घातक तेज गेंदबाज हर्षित राणा को अपनी ड्राफ्ट पिक के तौर पर चुना। उल्लेखनीय रूप से, राणा ने आईपीएल के सबसे हालिया संस्करण में धमाल मचा दिया था। उन्होंने सिर्फ़ 13 मैचों में 19 विकेट चटकाए और वर्तमान में भारतीय टीम के साथ अपने पहले दौरे पर हैं। नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स ने लेग स्पिनर सुयश शर्मा की सेवाएं भी हासिल की, जिन्होंने आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स की हालिया खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी। साथ ही नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स ने मध्यम गति के गेंदबाज प्रांशु विजयरन, भारत के पूर्व अंडर-19 खिलाड़ी वैभव कांडपाल और क्षितिज शर्मा को भी अपने साथ जोड़ा।

सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने अपने ड्राफ्ट की शुरुआत शानदार बल्लेबाज और भारत के पूर्व अंडर-19 कप्तान यश ढुल तथा दाएं हाथ के लेग स्पिनर प्रिंस चौधरी को अपनी मंडली में शामिल करके की। इसके अलावा उसने सलामी बल्लेबाज हितेन दलाल, ऑलराउंडर जोंटी सिद्धू और विकेटकीपर बल्लेबाज लक्ष्य थरेजा को भी अपने साथ जोड़ा। ईस्ट दिल्ली राइडर्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए नियमित रूप से खेलने वाले आक्रामक विकेटकीपर-बल्लेबाज अनुज रावत की सेवाएं हासिल कीं जबकि तेज गेंदबाज सिमरजीत सिंह उनके दूसरे कैटेगरी-ए खिलाड़ी थे। राइडर्स ने अपनी बल्लेबाजी इकाई को मजबूत करने के लिए हिम्मत सिंह को भी ड्राफ्ट किया। साथ ही उसने मध्यम गति के गेंदबाज हिमांशु चौहान और धीमी गति के बाएं हाथ के ऑर्थोडॉक्स गेंदबाज हर्ष त्यागी को भी अपने साथ जोड़ा।

साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स के लिए, उनके ड्राफ्ट की शुरुआत मध्यक्रम के बल्लेबाज आयुष बदोनी के लिए सफल बोली से हुई, जो हाल के वर्षों में लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए नियमित रूप से खेलते रहे हैं। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज कुलदीप यादव सुपरस्टार्स की अगली पसंद थे।

